CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 14 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 243 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 21 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा: खड़गे पेज 2



ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण खेल टाइम्स



भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में एआई मिनिस्टर पेज 11



शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए बॉलीवुड



आगरा: ताजमहल के पास यमुना नदी का जलस्तर कम होने के बाद आगरा नगर निगम के कर्मचारी कीचड़ और गाद साफ करते हुए।

### आखिरकार आजिज आकर बोला चुनाव आयोग

## वोटर लिस्ट बनाना, बदलना हमारा काम, SC का नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी, तो ये अधिकार में दखल होगा।

आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था

- कहा: एसआईआर कराना विशेष अधिकार
- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल



और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर एक जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। आयोग ने कहा कि धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।

### भारत-पाक के बीच मुकाबला आज खून व पानी साथ नहीं तो मैच क्यों: उद्धव

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के रविवार को (आज) होने वाले मैच का लगातार विरोध हो रहा है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच ये पहला मौका है जब दोनों देश आमने सामने होंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे व अन्य नेता मैच को रद्द किए जाने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम जनता भी इस मैच के खिलाफ लिख रही है। सुप्रीम कोर्ट में भी मैच को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इन्कार कर दिया। एशिया कप 2025 में भारत पाकिस्तान के बीच 14 सितम्बर 2025 को दुबई में मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम 8:00 बजे से शुरू होगा।

### एडीआर फाउंडर प्रो. छोकर का निधन

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के को-फाउंडर और चुनाव सुधारों के प्रबल समर्थक प्रो. जगदीप एस छोकर का दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 81 साल के थे। प्रो. छोकर की इच्छा के अनुसार उनका शरीर रिसर्च के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज को डोनेट किया गया है। आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर रहे छोकर ने 1999 में एडीआर की स्थापना की। इसके जरिये चुनावी पारदर्शिता के लिए कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं।

### देश की ट्राइबल भाषाओं को समझाएगा एआई

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जनजातीय सशक्तिकरण और भारत की समृद्ध भाषाई विविधता के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आदि वाणी का बीटा संस्करण शुरू किया। यह जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई-संचालित ट्रांसलेटर है। यह प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। समर्पित वेब प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध, आदि वाणी को आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच संवाद की खाई को पाटने और उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके लुप्तप्राय आदिवासी भाषाओं की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति को आई सद्बुद्धि

## रिश्तों में दरार, टैरिफ वॉर का ट्रम्प को बड़ा मलाल

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ ने भारत के साथ दरार पैदा कर दी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन विवाद अभी तक सुलझा नहीं है। इसे सभी ने हल्के में ले लिया था।

ट्रम्प ने कहा कि भारत रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माने सहित 50 (25 फीसदी + 25 फीसदी) टैरिफ लगाया। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है। याद रखें, यह हमारी समस्या से ज्यादा यूरोप की समस्या है। भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ पर चर्चा करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार



- कहा: रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए

### डर के चलते भारत पर टैरिफ लगाया गया: भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों (अमेरिका) को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसलिए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम वो लोग उठाते हैं, जो खुद को हमेशा चर्चा में देखना चाहते हैं। भागवत ने ये बातें नागपुर में ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के 7वें स्थापना दिवस पर कहीं। दरअसल ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ। वहीं रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया, जो 27 अगस्त से लागू हुआ।

किया कि वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए हैं, जिसे उन्होंने सबसे आसान समझा था। समाचार एजेंसी के मुताबिक, फॉक्स न्यूज को दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि यूक्रेन और रूस के बीच मुकाबला सबसे आसान होगा। समझौते के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब पुतिन ऐसा करना चाहते हैं, तो जेलेंस्की नहीं करते। जब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं, तो पुतिन नहीं करते। अब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं और -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम मोदी ने किया मणिपुर का दौरा



**इंफाल/चुराचांदपुर।** पीएम मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा कि मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा कि मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए। मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से, हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

- मणिपुर को साढ़े आठ सौ करोड़ की सौगात

### 51 किमी की रेल लाइन से मिजोरम दिल्ली से जुड़ा

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटी हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में है।


### नेपाल में सेना ने कर्फ्यू हटाया दैनिक जीवन सामान्य की ओर

**काठमांडू।** नेपाल में तख्तापलट के तीन दिन बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। संसद भंग करने के साथ छह महीने में उन्हें संसद यानी प्रतिनिधि सभा के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अपने पहले फैसले में पांच मार्च, 2026 को आम चुनाव का ऐलान कर दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उनकी सिफारिश मंजूर कर ली। अब सभी की नजर कैबिनेट विस्तार पर लगी हुई है। इस बीच अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू घाटी और नेपाल के अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेशों को हटा दिया। ऐसे में अब दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य होते दिखाई दे रहा है। घटनाक्रम पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेपाल की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनने के एक दिन बाद हुआ।

### हिमाचल के बिलासपुर में बादल फटा, मंडी में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा है। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गई, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

वहीं, मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितम्बर के बीच 678.4एमएम बारिश होती है, इस बार 967.2एमएम बारिश हो चुकी है।



- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही

### मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर कहा कि पीएम मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है। श्री गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है। उन्हें बहुत पहले ही जाना चाहिए था।

## वायुसेना को 114 राफेल चाहिएं, रक्षा मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन एयर फोर्स को 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमान की जरूरत है। इसके लिए सेना की तरफ से रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

इन विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगी। मेड इन इंडिया राफेल में 60 परसेंट सामान स्वदेशी होगा। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के तुरंत बाद लिया



- 60 फीसदी स्वदेशी सामान होगा, दो लाख करोड़ का सौदा संभव, यह सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी

गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना की तरफ से केस स्टेटमेंट (एसओसी) या प्रस्ताव कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय को प्राप्त हुआ था। रक्षा, वित्त सहित अन्य विभाग इस पर विचार कर रहे हैं। विचार-विमर्श के बाद, प्रस्ताव को रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) और उसके बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीआरसी) के पास भेजा जाएगा। अगर फ्रांस के साथ यह सौदा हो जाता है, तो भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी। भारतीय सेना में 176 राफेल विमान हो जाएंगे 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारतीय सेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय वायु सेना पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है, और भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है। भारत और फ्रांस के बीच जून में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई थी।

मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें। समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश। असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक घुसा नौ को कुचला, मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया कि ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

### भारत-पाक मैच न देखें: ऐशन्या

**कानपुर।** एशिया कप में कल, 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला मुकाबला है। पहलगाम में कानपुर के शुभम द्विवेदी को आतंकियों ने उनकी पत्नी ऐशन्या की आंखों के सामने गोली मार दी थी। ऐशन्या ने इस मैच का विरोध किया है। उन्होंने ।छप् से बातचीत में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर में कई जवानों की जान गई। बावजूद इसके मैच कराया जा रहा है। मुझे लगता है कि बीसीसीआई में इमोशंस नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई वैल्यू नहीं रखती। शायद इसलिए, क्योंकि आपके घर से कोई नहीं गया।

# मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ष्श्री नरेंद्र मोदी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं, वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है। उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गए और 1,500 से ज्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000



**डबल इंजन सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ली: खड़गे**

लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं कीं हैं, लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गए और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया, लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार फिर से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की जिम्मेदारी है। इस बीच पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इस बात का एहसास कराता है कि एक नेता में सहानुभूति और करुणा का कितना अभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर 2023 से जल रहा है और उन्हें आज ढाई साल बाद वहां जाने का समय मिला। यह दौरा भी आधे-अधूरे मन से किया गया है। वहां बमुश्किल कुछ घंटे बिताए हैं।

# सहमति से बने शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रेम संबंधों और शारीरिक संबंधों से जुड़े एक मुद्दे एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि अगर प्रेम संबंधों में शारीरिक संबंध सहमति से बने हों, तो उन्हें दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि अगर महिला शुरू से यह जानती है कि सामाजिक कारणों की वजह से उसकी शादी मुमकिन नहीं है और बावजूद इसके वह सालों तक सहमति से शारीरिक संबंध बनाए रखती है, तो इसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की बेंच ने महोबा जिले के चरखारी थाना क्षेत्र की एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। महिला ने अपने सहकर्मी



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुद्दे पर दी अहम टिप्पणी**

लेखपाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। दरअसल पीड़िता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 2019 में उसके सहकर्मी लेखपाल ने जन्मदिन की पार्टी के बहाने अपने घर बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाकर उसके दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। होश में आने के बाद शादी करने का वादा किया लेकिन चार साल बाद जातिगत ताना मारते हुए शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने एससी-एसटी की विशेष अदालत में परिवाद दाखिल किया, विशेष अदालत ने परिवाद खारिज कर दिया। इसके खिलाफ पीड़िता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अर्जी दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने दलील दी कि आरोपी लेखपाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ सालों तक संबंध बनाए। वहीं कोर्ट में आरोपी लेखपाल के वकील ने दलील दी कि पीड़िता ने खुद थाने और एसपी को लिखकर कार्रवाई से इनकार किया था।

# अंबेडकर पर टिप्पणी करने वाले संतों को मायावती ने दी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को साधु संतों को नसीहत देते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में बोलने की बजाय चुप रहें तो अच्छा होगा, क्योंकि वे लोग बाबा साहब की विद्वता के आगे कुछ नहीं हैं।

सुश्री मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जैसाकि विदित है कि आएदिन सुर्खियों में बने रहने हेतु विवादित बयानबाज़ी करने वाले कुछ साधु-सन्तों को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में रहे उनके अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इनको इस बारे में कोई भी ग़लत बयानबाज़ी आदि करने की बजाय यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा। उन्होंने कहा कि



**ऐसे लोग बाबा साहेब की विद्वता के आगे कुछ नहीं**

बाबा साहेब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? उसे भी इनको अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर ज़रूर समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ इन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि बाबा साहेब महान विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-सन्त, इनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। अतः इस बारे में भी कुछ कहने से पहले इनको ज़रूर बचना चाहिए, यही नेक सलाह है।

## राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान के समारोह में बोले सीएम योगी

# हर मरीज के साथ डॉक्टर करें अच्छा व्यवहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा शामिल हुए।

इस मौके पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक्टरों को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डाक्टरों का व्यवहार मरीजों के लिए काफी अहम होता है। गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर मिल जाए।



**गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए: योगी**

वार्ड बाय उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की दुखद मौत हो जाती है, तो संस्थान के वाहन से शव उसके घर तक पहुंचा दें। हमारे पास वाहन नहीं है तो संस्थान एक वाहन खरीद लें। निजी एंबुलेंस जो मरीजों को निजी अस्पताल ले जाती हैं, इन पर रोक लगनी चाहिए। पेशेवर ब्लड डोनेशन करने वाले लोग मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इस पर भी रोक लगे।

### यूपी में खुलेगा राज्य सहकारी महाविद्यालय: मुख्यमंत्री

**बोले- शोध व अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन, अध्यापन और शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। वह शुक्रवार को केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के साथ सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। इससे पहले चले अभियान से व्यापक बनाया जाए। गांव-गांव में कैंप, आनला. इन/आफलाइन पंजीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और जमाकर्ताओं का विश्वास ही सहका. रिता की असली पूंजी है, इसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाए। केंद्रीय सहका. रिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं। बैठक में सहकारी बैंकिंग सुधारों की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि 2017-18 से 2024-25 तक राज्य सरकार द्वारा 16 बंद जिला सहकारी बैंकों को 306.92 करोड़ की सहायता से पुनर्जीवित किया गया है। मार्च 2025 तक 1000 करोड़ का ऋण व्यवसाय दर्ज हुआ और सभी बैंक लाभ में आ गए।

सीएम ने आगे कहा कि लोगों ने सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया। विकास किस तरह बाधित हो जाता है। ए हमने पड़ोसी देश में देखा। आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। तमाम घुमंतू जातियां अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। हमें उन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए दूरदर्शन से बात चल रही है। वो जमीन मिलने से यहां का विस्तार हो सकेगा। यह जमीन संस्थान के पास ही उपलब्ध है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008
प्रति किलो



# अमेरिका को जेवरात निर्यात के विकल्प तलाश रहे सर्राफा व्यापारी: योगेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगने के बाद भारतीय सर्राफा व्यापारी दूसरे देशों के रास्ते वहां अपने सोने-चांदी के जेवरात निर्यात करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार से गहने-जेवरातों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'अपना दिल्लीवाला शो' के उद्घाटन के बाद आयोजकों ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि देश का 60 से 70 प्रतिशत गहनों का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। निश्चित रूप से अमेरिका के 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने से चुनौतियां सामने आई हैं, लेकिन उसके लिए वैकल्पिक बाजार तलाशे जा रहे हैं। प्रदर्शनी की आयोजक कंपनी इनफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि अमेरिका में सऊदी अरब से भी



सोने और हीरे के जेवरातों का आयात किया जाता है। वहां भारतीय कारीगर भी इस उद्योग में बड़ी संख्या में काम करते हैं।

सर्राफा कारोबारी अब ऐसे ही देशों को निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के देश और पश्चिम एशिया के देश शामिल हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार पर जारी वार्ता सफल रहेगी। सोने की ऊंची कीमतों के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (टीबीजेए) के चेयरमैन रामअवतार वर्मा ने कहा कि सोने के दाम फिलहाल घटने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सोने ने पहले भी कई मौकों पर 'लंबी छलांग' लगाई है और उसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब यह नीचे आएगा, लेकिन सोना कभी वापस नीचे नहीं आया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में सोने की वास्तविक मांग कम हुई है, लेकिन दाम बढ़ने के कारण राजस्व लगातार बढ़ रहा है। टीबीजेए के सीनियर चेयरमैन नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर में हाल में किए गए सुधारों में सोने पर कर कम नहीं किया गया। उन्होंने कहा सोने पर जीएसटी तीन प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब सोने के दाम कम थे उसकी तुलना में अब इस पर जीएसटी से सरकार को कई गुणा आमदनी हो रही है। इसलिए इस पर कर कम करके सरकार इस उद्योग का समर्थन कर सकती है।

### इस हफ्ते सोना 3,369 रुपये महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 6 सितंबर को सोना 1,06,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 13 सितंबर को 1,09,707 रुपए पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 3,369 रुपए बढ़ी है। वहीं चांदी की कीमत इस हफ्ते 4,838 रुपए बढ़ी है। पिछले शनिवार को ये 1,23,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 1,28,008 रुपए पर पहुंच गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 रही।

# चावल नरम, गेहूं-चीनी हुए मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत दाम घट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। चीनी में भी मजबूती दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 89 रुपए घटकर 3,759 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपए चढ़कर 2,859.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 31 रुपए की मजबूती रही और यह 3,334.63 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 70 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 27 रुपए और पाम ऑयल की 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 15 रुपए और सूरजमुखी तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में सात रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। चना दाल भी 72 रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में तकरीबन छह रुपए और मसूर दाल में 55 रुपए प्रति क्विंटल की



नरमी रही। वहीं उड़द दाल में आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7892.79 रुपए, मसूर काली 8115.39 रुपए, मूंग दाल 10089.95 रुपए, उड़द दाल 10446.72 रुपए, अरहर दाल 10571.89 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.13 रुपए और चावल 3759 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4329.01 रुपए और गुड़ 498074 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिश्तों में दरार....**

पुतिन पर सवालिया निशान है। हमें बहुत मजबूती से उतरना होगा। पुतिन के साथ मेरे हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं, यही एकमात्र युद्ध है, जिसे मैं सुलझा नहीं पाया हूं। ट्रम्प ने आगे बताया कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को कम करने के संबंध में वह कैसे बहुत मजबूती से उतरने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैंकों पर प्रतिबंध लगाने और तेल व टैरिफ से जुड़े मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। मैं पहले ही ऐसा कर चुका हूं, मैंने बहुत कुछ किया है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अन्य संघर्षों को सुलझाने में अपने रिकॉर्ड को भी दोहराया। ट्रम्प ने कहा कि मैंने सात युद्ध रोके, सात। मैंने पाकिस्तान और भारत समेत कई युद्ध सुलझाए। कुछ तो अनसुलझे थे। कांगो और रवांडा, मैंने सुलझाया। लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे युद्ध सुलझाए जो अनसुलझे थे। व्हाइट हाउस के एक बयान में ट्रम्प ने अपने अमेरिका फर्स्ट व्यापार एजेंडे का बचाव करते हुए कहा कि हम टैरिफ की वजह से सफल रहे हैं। इसने हमें उन देशों के साथ बातचीत करने की बड़ी ताकत दी है, जिन्होंने हमारा फायदा उठाया था। साथ ही इसने देश में अरबों डॉलर लाए हैं। हमारे पास एक बड़ा मामला है, यह अब सुप्रीम कोर्ट में है। यह मामला जीतना वाकई जरूरी है, क्योंकि इसने हमें एक अमीर देश बनाया है। ट्रम्प के मनमाने टैरिफ के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव आ गया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की ओर से अपने विशाल कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने का विरोध करने के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत विफल हो गई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार हर साल 190 अरब डॉलर से ज्यादा का होता है। ट्रम्प ने पहले भारत से आयात पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया, फिर कहा कि 27 अगस्त से टैरिफ दोगुना होकर 50 फीसदी हो जाएगा। यह टैरिफ नई दिल्ली की ओर से रूसी तेल की बढ़ती खरीद के दंड के रूप में लगाया गया है, क्योंकि वाशिंगटन यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि, जब ट्रम्प रूस और यूक्रेन की जंग नहीं रुकवा पाए, तो अब उन्हें अपने टैरिफ को पछतावा हो रहा है। इसके संकेत इस बात से ही मिलते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा था कि उनका प्रशासन भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगे। यह हफ्तों के कूटनीतिक गतिरोध के बाद संबंधों में सुधार का संकेत है। ट्रम्प की ओर से भारत में राजदूत के रूप में नामित सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते भारत के वाणिज्य मंत्री के वाशिंगटन दौरे पर प्रगति होगी। गोर ने भारत के बारे में कहा कि मैं यह सुनिश्चित करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाऊंगा कि वे हमारी ओर आकर्षित हों, न कि हमसे दूर जाएं। गोर ने कहा कि ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला नहीं किया है।

# उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग को मिला एफएसएआई का सर्वोच्च सम्मान

**लखनऊ, वार्ता**

नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन हॉल में एफएसएआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में महाकुंभ-2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को 'ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान के नेतृत्व में टीम को प्रदान किया गया।

महाकुंभ-2025 की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरुआत से ही 'सुरक्षित महाकुंभ' का संकल्प लिया था। चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग ने गंभीर से गंभीर अग्निकांड पर भी त्वरित काबू पाया और पूरे 45 दिन के आयोजन में शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इस दौरान 185 अग्निकांड और 24 बड़ी आग की घटनाओं पर काबू पाते हुए लगभग 16.5 करोड़ रुपए की संपत्ति को सुरक्षित बचाया गया। सम्मान पाने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद शर्मा (नोडल ऑफिसर महाकुंभ मेला), अंकुश मित्तल (सीएफओ), रमेश तिवारी (सीएफओ), संजीव कुमार (फायर ऑफिसर) और अमित कुमार (सेकंड फायर ऑफिसर) शामिल रहे। प्रमोद शर्मा ने बताया कि फायर डिपार्टमेंट ने आयोजन से पहले जो युद्धस्तर की तैयारियां की थीं, ये उसी का नतीजा है कि आयोजन के दौरान हमारी टीम ने दिन रात अग्निजनित घटनाओं का पूरी बहादुरी से सामना किया और शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 में 25 सेक्टरों में 54 फायर स्टेशन और 27 चौकियां स्थापित की गईं। 1500 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई। 351 फायर टेंडर और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर, क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, एटीवी, फायर मिस्ट बाइक, रोबोट और फायर फाइटिंग बोट जैसी तकनीक का उपयोग किया गया। इन व्यवस्थाओं की वजह से बिना जनहानि के सभी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सका।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डंपर की टक्कर से चालक की मौत

## मृतक का भाई घायल, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रेत से भरे डंपर ने ईंटों से भरे ट्रेक्टर ट्रोले में टक्कर मार दी। जिसमें ट्रेक्टर चालक की मौत हो गयी जबकि भाई गंभीर घायल हो गया। शामली जिले के गांव लांक का निवासी विकास व उसका भाई कन्हैया गांव के ईंटों के भटे से ईंटें लेकर मेरठ सप्लाई करने का काम करते है। शनिवार की सुबह 5 बजे दोनों भाई जय प्रकाश के ईंट भटे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंटें भरकर मेरठ जा रहे थे। मेरठ करनाल हाइवे पर फुगाना गांव के पास शामली की ओर से पीछे से आ रहे रेत से भरे डंफर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली टूटकर पलट गई। ईंटें मौके पर बिखर गई। ट्रैक्टर पलटने से चालक विकास की मौके पर मौत हो गई। उसका भाई कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डम्फर मौके पर छोडकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों भाईयों को सीएचसी बुढाना मे भर्ती कराया। तब चिकित्सकों ने विकास को मृत घोघषित कर दिया। गम्भीर अवस्था में कन्हैया को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक तहरीर प्राप्त नही हुई है। उक्त रेत से भरे डंपर को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## ग्रह क्लेश में ट्रेन के आगे कूदा युवक

**मंसूरपुर।** ग्रह क्लेश ने एक बार फिर एक परिवार की खुशियां छीन लीं। थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव संधावली के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने रेल के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस दर्दनाक हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीर हसन पुत्र जाकिर निवासी तावली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर शुक्रवार को घर से निकला और संधावली रेलवे लाइन की ओर चला गया। कुछ ही देर बाद तेज रफ्तार रेल आती देख व्यक्ति ने छलांग लगा दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि मीर हसन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आस पास काम कर रहे लोगों की भीड़ रेलवे ट्रैक पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की मानें तो मीर हसन पिछले काफी समय से घर के झगड़ों से मानसिक रूप से परेशान था और आए दिन तनाव झेल रहा था। गांव में इस घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक मेहनती और शांत स्वभाव का था, लेकिन घरेलू विवादों ने उसे अंदर से तोड़ दिया। शायद यही वजह बनी कि उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

# रिक्शा चालक का शव रेलवे पर मिला

## रात्रि दो बजे की घटना, रात को ही रिक्शा चलाता था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांव खंजापुर से रिक्शा चलाने निकले युवक का शव देर रात दो बजे रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ मिला। रिक्शा चालकों ने मृतक की रिक्शा घर पहुंचाई और इसकी जानकारी दी तो यहां कोहराम मच गया। पुलिस का मानना है कि दुर्घटना में युवक की मौत हो गई और कुछ लोगों का कहना है कि वह ट्रेन के आगे गिरा था और इस दुर्घटना के बाद उसकी मौत हो गई है मृतक की पत्नी करीब दो माह से अपने मयके में रहती है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

शहर कोतवाली के गांव खंजा. पुर शामली रोड निवासी 24 वर्षीय विनय कुमार पुत्र मनोज कुमार रात्रि के समय रिक्शा चलाता था। विनय कुमार की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और वह अधिकतर रात्रि में ही रिक्शा चलाने के लिए निकलता था। शुक्रवार की रात भी वह घर से निक्शा चलाने के लिए निकला। देर रात करीब दो बजे विनय कुमार के परिजनो में उस वक्त रोना पीटना पड़ गया जब कुछ रिक्शा चालक विनय की रिक्शा लेकर उसके घर पहुंचे और परिजनों को बताया कि विनय की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। देर रात में ही परिवार के लोग रेलवे स्टेशन पर पहुंचे इस समय जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाने की कार्यवाही कर रही थी। जीआरपी पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी ली । उधर विनय कुमार के रिश्तेदार भी यहां के रात्रि व दुकानदारों से विनय कुमार की मौत का कारण पूछते रहे। कुछ लोगों का कहना है कि स्वयं ही वह ट्रेन के आगे गिरा है और उसकी मौत हो गई है।

परिवार के कुछ लोग यह भी बता रहे है कि दो माह से पत्नी मयके में रहे रही है और वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और शनिवार को उसका पोस्टमार्टम करा दिया है। विनय कुमार की मौत को लेकर पत्नी व परिवार के लोगों मे कोहराम मचा हुआ है उधर विनय कुमार की मौत को लेकर रिक्शा चालक व अन्य लोगों में तरह-तरह की चर्चाए भी है।

## सहकारी बैंक के अधिवेशन में उठी रिक्त पदों पर भर्ती और पेंशन की मांग

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के सभी जिला सहकारी बैंको में कार्यरत कर्मचारियों का बारहवां प्रांतीय अधिवेशन में पहले दिन प्रदेश भर के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। नई मंडी स्थित बैंक्वट हॉल में आयोजित समारोह की अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने की। यहां सहकारी बैंको मे कर्मचारियों की कमी और उस पर भर्ती की आश्वयकता पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों और गरीब तबके को बेहतर से बेतहर सेवा देने के लिए बैंक में पर्याप्त स्टाफ होना जरूरी है। कर्मचारियों ने पेंशन योजना लागू करने की भी मांग उठाई साथ ही उन्होने कहा कि लम्बे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए।



मुजफ्फरनगर: भाजपा नेता अरूण सिंह के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते संजय जोशी।

# जाट महासभा के दो गुट आमने-सामने आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जाट महासभा के दो गुटों के बीच पनप रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना पक्ष रखते हुए डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जगदीश बालियान पक्ष का कहना था कि वे 26 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार रविवार को मेधावी छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह आयोजित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि विरोधी पक्ष फर्जी महासभा चला रहा है और इस कार्यक्रम को रोकना चाहता है। तो वहीं दूसरी ओर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि उनकी संस्था रजिस्टर्ड है। उन्होंने बताया कि 2022 के विवादित चुनाव के बाद दो कार्यकारिणी बन गईं। 5 जून 2025 को दोनों पक्षों ने लिखित सहमति दी थी कि नई कार्यकारिणी गठित होने तक कोई कार्यक्रम नहीं होगा। धर्मवीर बालियान ने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष बैनर का दुरुपयोग कर 14 सितंबर को कार्यक्रम करना चाहता है। यह विवाद 2022 के चुनाव से शुरू हुआ। तब डिप्टी रजिस्ट्रार ने कार्यकारिणी को कालातीत घोषित कर दिया था। दोनों गुटों ने डीएम कार्यालय में एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। जगदीश बालियान गुट ने धर्मवीर बालियान पर दो विदेश यात्राओं और सिसौली में हुए एक कार्यक्रम के लिए 50 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, धर्मवीर बालियान ने जगदीश बालियान पर संगठन पर कब्जा करने और उगाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जगदीश गुट संगठन के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है और समाज के हित में काम नहीं कर रहा।




मुजफ्फरनगर: सहकारी बैंक के 12वां प्रातीय अधिवेशन में मंचासीन अतिथिगण।

# सही समय पर मिलेगा भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष: जोशी

■ भारत में विद्रोह की आशंका जताने वाले विपक्षी दिग्भ्रमित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रमुख चेहरे के रूप में चर्चाओं में रहने वाले पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय भाई जोशी का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निर्णय 'योग्य समय पर ही होगा'।

अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर भाजपा के बहुचर्चित चेहरे संजय भाई जोशी आज मुजफ्फरनगर में भाजपा के पूर्व युवा अध्यक्ष रहे ठाकुर अरुण सिंह की आवास पर उनके पिता ठाकुर रोहतास सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हुए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पूर्णकालिक प्रचारक रहने के बाद संजय भाई जोशी भाजपा में आए तथा 2001 से 2005 तक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव संगठन के पद पर कार्यरत रहते हुए अपने संगठनात्मक क्षमता तथा जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे संबंध कायम करने के लिए अपनी विशिष्ट पहचान आज भी बनाए हुए हैं। देशभर में उन्हें संघ की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चेहरा बताया जा रहा है और भाजपा के ही बड़े संख्या में कार्यकर्ता चाहते हैं कि वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने,तभी संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत बनेगा। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रह चुके अरुण सिंह के आवास पर संजय भाई जोशी ने पहले तो पत्रकारों से बातचीत करने से इनकार किया लेकिन बार-बार आग्रह करने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इसका निर्णय योग्य समय पर ही होगा। क्या इस बार आपका राजनीतिक वनवास समाप्त होगा के प्रश्न पर जोशी जी मुस्कराकर रह गए। बांग्लादेश म्यांमार और अब नेपाल में विद्रोह के बाद हुए सत्ता परिवर्तन को आधार बनाकर विपक्ष के कुछ नेताओं द्वारा भारत में भी ऐसी आशंका जताने को संजय भाई जोशी ने कठोर शब्दों में खारिज किया। उन्होंने कहा कि भारत की व्यवस्था और लोकतंत्र सुदृढ़ एवं मजबूत है। देश में चुनी हुई सरकार है तथा उन्हें ऐसी कोई आशंका दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि हताश और निराश विपक्ष दिन में चांद देखने की कोशिश कर रहा है विपक्ष के कुछ नेताओं को लगता है पीलिया हो गया है जिन्हें सिर्फ पीला ही पीला दिखाई दे रहा है कभी वह देश में तानाशाही होने की बात कहते हैं तो कभी वोट चोरी के मिथ्या आरोप लगते हैं लगता है विपक्ष दिगभ्रमित होकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के आरोपों में कोई सत्यता नहीं है तथा चुनाव आयोग के बार-बार नोटिस देने के बावजूद विपक्षी नेता वोट चोरी के आरोपी को साबित नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदीप शर्मा,पूर्व मंत्री सुधीर बालियान, पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पवार ,पूर्व विधायक अशोक कंसल, जयदेव बालियान, हरीश त्यागी, मुनीष त्यागी, मनवीर तोमर थाना भवन, आरएसएस के पूर्व जिला प्रचारक राकेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष वैभव त्यागी, राजीव बालियान आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# बच्चों ने दिया हिंदी-उर्दू एकता का संदेश

■ उर्दू बेदारी फोरम ने किया लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उर्दू बेदारी फोरम के तत्वाधान में हिंदी दिवस के अवसर पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



जैनबिया गर्ल्स इंटर कालेज प्रधानाचार्या बिनते हसन जैदी के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी गली और मोहल्ले की समस्याओं को उजागर कर उनका समाधान करने के उद्देश्य से नगर पालिका का ध्यान आकर्षित कराया ताकि बच्चों का स्वास्थ्य सही रह सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर बेदारी फोररम के अध्यक्ष शहजाद अली व महासचिव हाजी औसफ अहमद ने बताया की उर्दू बिलारी फर्म अच्छा छात्राओं की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने गुरुजनों और अभिभावकों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में बच्चों को उनकी मातृभाषा का अधिकाधिक प्रयोग और परंपराओं के अनुरोध जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर शकील अहमद एडवोकेट, मोहम्मद शाहवेज, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद इरशाद, नदीम अहमद , मैडम शगुफ्ता का सहयोग रहा।

## जनता और राजा भैया के बीच प्यार का संबंध

**मुजफ्फरनगर।** जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के रामपुर तिराहा के निकट एक बैकट होल में आयोजित समीक्षा बैठक में आज किसी कारण वश राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह, राजा भैया नहीं आ पाए। पूर्व सांसद और विधायक कुंवर अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि बहुत जल्द राजा भैया इस क्षेत्र का दौरान करेंगे तथा पार्टी से 36 बिरादरी को जोडकर राजनैतिक संघर्ष का बिगुल बजाएगे।

उन्होने कहा कि हमे दबंग बताने वाले गलत है जनता हमसे प्यार से, विश्वास से और सहयोग से जुड़ती है। जिलाध्यक्ष अशोक राणा, देवराज चौहान, ठाकुर सुभाष सिंह चौहान, ओम राणा, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनेश राणा, अंकुर राणा, अनिषा भटनागर, पूर्व प्रधान अरशद अली आदि ने भी विचार रखे।

# पुत्रवधु पर हमला करने का आरोप

## विदेश में हुआ था पति-पत्नी में विवाद, पुलिस की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के गांव बागोवाली में एक विवाद का अजीब मामला सामने आया है। प्रेम विवाह करने के बाद युवक अपनी पत्नी के साथ विदेश में रहने लगा और विदेश में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो विवाहिता ने अपने परिजनों को फोन कर ससुराल के लोगों पर हमला करा दिया। घायल पीड़ित नई मंडी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को इस मामले की जानकारी ली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि पुत्रवधु के परिजनों ने पूरे परिवार को लाठी-डंडो से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया है।



नई मंडी क्षेत्र के गांव बागोवाली में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में पति पक्ष के परिवार पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। बागोवाली निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 सितम्बर की दोपहर वह अपने घर में देवरानी के साथ बैठी हुई थी। जबकि उसका देवर जाहिद पडौस में बैठा हुआ था आरोप है कि पडौस से ही दानिश और शरीफ ने घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके परिवार के कई लोग और महिलाएं भी घायल हो गई है। हमलावरों ने बीच-बचाव करने आए लोगों पर भी लाठी-डंडो से हमला कर दिया जिसमें कई बाहर के लोग भी घायल हो गए है। पीड़िता का आरोप है कि इस विवाद के पीछे उसके बेटे प्रदीप का प्रेम विवाह है। उसके बेटे ने पडौस के ही युवती से शादी की थी और शादी के बाद वह विदेश में रहकर नौकरी करने लगा। विदेश में रहते ही पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ जहां पुत्रवधु ने अपने भाई को फोन करके उनके परिवार पर हमला करा दिया। नई मंडी पुलिस ने इस मामले की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अल्लामा इक़बाल कॉलेज में कव्वाली नाइट का आयोजन

■ अतिथियों ने बढ़ाया कॉलेज प्रशासन का हौंसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कॉलेज के यू.जी. का द्वितीय वर्षीय परीक्षा का शत-प्रतिशत सफल परिणाम घोषित होने पर कव्वाली नाईट का आयोजन किया गया। जिसमें गुलाब अजीज खां, कव्वाल द्वारा प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कादिर राणा रहे एवं विशेष आमंत्रित अतिथि पूर्व चेयरमैन व उ.प्र. पेपर मिल समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के साथ समाजसेवी असद फारूकी रहे।

ए.सी.एन. ग्रुप के चेयरमैन रियासत अली चौधरी, वाईस चेयरमैन जीशान चौधरी, फैजान चौधरी तथा अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक तसलीम उल हक, वरिष्ठ प्रोफेसर डा. एम.एच. अन्सारी, वित्त निदेशक सुशील कुमार गोयल, प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं काउंसलर सैय्यद अरीब उल हक द्वारा बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

अतिथियों ने कॉलेज प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनके अच्छे वातारण की बदोलत ही बच्चों ने कामयाबी हासिल की है।

कव्वाली नाईट को सफल बनाने में कॉलेज छात्र-छात्राओं में जैनब सम्राट, मौ. दानिश, रेशमा, मौ. शुएब सैफी, मौ. अहमद, मौ. शाकिर, मौ. नौशेर, मौ. अमजद का विशेष योगदान रहा जिनको ए.सी.एन. ग्रुप के चेयरमैन द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



मुजफ्फरनगर: अल्लामा इकबाल यूनानी कॉलेज में प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण।

# विवाहिता ने जड़े पति व महिला मित्र पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक विवाहिता ने अपने पति व उसकी महिला मित्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक तहरीर में पुलिसकर्मी के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले की रहने वाली महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए पति व ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए है महिला का कहना है कि उसका पति एक महिला मित्र से बात करता है और उसके साथ संबंध भी बना रखे है। शिकायतकर्ता पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 30 दिसम्बर 2024 को जनपद शामली के ऊन निवासी विपिन से हुई थी जिसमें शादी में उन्होने बीस लाख रूपये खर्च किया था। पीड़िता ने एक ओर जहां पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाया और बताया कि उसके पति के दूसरी महिला से संबंध है। काफी समय तक उसके पति ने विवाद के चलते उसको गाजियाबाद में रखा और महिला पति की महिला मित्र ने उसके गले में फांसी लगाकर हत्या का प्रयास किया। गंभीर आरोप तो यह भी है कि उक्त लोगों ने उसको जबरन ही बियर व सिगरेट पिलाने का प्रयास करते हुए उसकी वीडियो बनाई है।

पीड़िता ने बताया कि उसके पति के एक पुलिसकर्मी से भी संबंध है और वह पुलिसकर्मी के साथ मिलकर उसे जानी नुकसान पहुंचा सकता है।

महिला ने तहरीर द्वारा यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उससे एक दर्जन कोरे काग. जों पर जबरन ही हस्ताक्षर कराए है। पुलिस ने महिला द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# श्रीराम कॉलेज के 17 छात्र-छात्राओं को मिलेगा स्वर्ण पदक

■ माँ शाकुम्भरी यूनिर्वसिटी की टॉपर सूची में दबदबा बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय तीसरे स्थापना दिवस पर जारी की गई 73 यूनिवर्सिटी टॉपर्स की मेरिट लिस्ट में श्रीराम कॉलेज के विभिन्न संकाय के 17 छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज में अवार्ड सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें कॉलेज के चेयरमैन डॉ एससी कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कहा कि यह सफलता न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है बल्कि पूरे जनपद के लिए सम्मान की बात है।

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के अनुसार



कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में स्नातक स्तर में छात्र जय श्री राणा, बीएससी की छात्रा आफरीन, बीबीए की छात्रा पलक, बीएजेएमसी के छात्र अबुशेमा, बीएससी के इन्द्र भूषण कुमार, बीएससी की छात्रा हिमानी शर्मा, बीवॉक की छात्रा अंशिका शर्मा, वही परास्नातक पाठ्यक्रम बीपीएड की छात्रा रितिका कडपाल, ललित कला , एप्लाइड आर्ट्स पाठ्यक्रम के छात्र केशव गर्ग, एमएफए ड्राईंग एंड पेंटिंग पाठ्यक्रम की छात्रा महरीन अंजुम, एमपीएड के छात्र दुष्यंत कुमार शर्मा, एमएफए टेक्सटाइल डिजाईनिंग की छात्रा अहिंसा जैन, एमएफए फैशन डिजाइनिंग की छात्रा कु0 निशू त्यागी, एमएससी होमसाइंस की छात्रा मीनाक्षी, एमएजेएमसी के छात्र मोहित कुमार, एमएससी होमसाइंस की छात्रा काजल देवी, तथा एमएससी की छात्रा सपना शामिल रहे। 20 सितम्बर को माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

इस अवसर पर प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने 20 सितम्बर 2025 को होने वाले तीसरे दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण पदक के लिए अलग-अलग संकाय से चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ब्विविद्यालय श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाना और कुलाधिपति महाम. हिम राज्यपाल जी से पुरस्कार प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक स्वर्णीम पल होता है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी संकाय सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी शानदार प्रदर्शन कर श्रीराम कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं।

# हथियारों के बल पर बाइक व नकदी लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाइक सवार बदमाशों ने मीरांपुर क्षेत्र के बिजनौर मार्ग पर लूट पाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने बाइक सवार को हथियारों से आतंकित करते हुए रोक लिया और उसकी बाइक और हजारों की नगदी लूट ली। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। मीरांपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचर जांच पडताल शुरू की। पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

मीरांपुर कस्बा क्षेत्र के मौहल्ला मुर्स्तक निवासी शईद पुत्र हबीब ने मीरांपुर थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि सवेरे के समय वह करीब सवा नौ बजे गांव सिकंदपुर से अपने घर जा रहा था जैसे ही वह बिजनौर रोड पर पहुंचा तो इसी बीच बाइक सवार बदमाशों ने उसको ओवरटेक करना शुरू किया और कुछ दूर जाकर उसको रोक कर हथियार सटा दिए। बदमाशों ने उसे हत्या की धमकी दी और उसकी बाइक व हजारों की नगदी लूट कर फरार हो गए।

पुलिस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची थी और घटना की छानबीन करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। बता दे कि पुलिस बदमाशों को आए दिन लंगडा कर इलाज कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी घटनाएं नहीं रूक रही। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज भी अपने कब्जे में कर ली है और इस घटना का मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

# अवैध निर्माण को लेकर दो मस्जिदों पर प्रशासन ने लगाई सील

**भोपा।** भोपा के नई बस्ती मोहल्ला मे प्रशासनिक अनुमति के बिना हुए मस्जिद के निर्माण कार्य को अवैध पाए जाने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर दोनों मस्जिदों पर सील लगा दी है। साथ ही सील को हटाने अथवा प्रवेश करने पर कार्रवाई की चेतावनी पुलिस ने दी है।

थाना व गांव भोपा मे जौली मार्ग स्थित नई बस्ती मे अलग अलग स्थानों पर मस्जिद का निर्माण कराये जाने की शिकायत पर पुलिस व तहसील प्रशासन ने संज्ञान लिया। जहां मस्जिद का निर्माण बिना अनुमति के पाया गया। शनिवार को तहसील जानसठ की राजस्व विभाग की टीम व भोपा पुलिस ने दोनों मस्जिदों की दीवार पर नोटिस चस्पा कर वहां टेप सील लगा दी। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया की अवैध रूप से मस्जिद के निर्माण की गोपनीय सूचना पर स्थलीय निरिक्षण किया गया जहां खसरा नं. 780 मे एक प्लाट पर बेसमेंट बनाकर नई मस्जिद का निर्माण किया जा रहा था। प्रशासनिक अनुमति के बिना अहसान नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कराने को लेकर नोटिस चस्पा कर निर्माणधीन मस्जिद को सील किया गया है। मस्जिद के कार्यवाहक संरक्षक अहसान अंसारी ने बताया की लगभग दस वर्ष पूर्व सीकरी निवासी व्यक्ति द्वारा मस्जिद के निर्माण को शुरू किया था। जिनके निधन के बाद मस्जिद का निर्माण कार्य बंद हो गया था। अनुमति के लिए सप्ताह पूर्व आवेदन किया गया है। कुछ ही दूरी पर स्थित दूसरी मस्जिद पर भी यलो टेप लगाकर कार्रवाई की गयी यहां मौके पर इकठा हुई महिलाओ ने कार्रवाई को लेकर रोष प्रकट किया।नायब तहस. ीलदार बृजेश कुमार ने बताया की उस्मान व गुलफाम द्वारा खसरा नं.799 मे क्षेत्रफल

167.68 वर्ग मीटर मे अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कराना पाया गया। जिसपर कार्रवाई स्वरूप नोटिस



चस्पा कर टेप से सील किया गया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने माईक द्वारा घोषणा करते हुए कानून का उलंघन करने वालों को कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

इस दौरान राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, लेखपाल अंकित कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार सहित उपनिरीक्षक शिव कुमार, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सांप्रदायिक तनाव बनाने की कोशिश में लिपटे

**बुढाना।** इससे पहले दो पक्षों के बच्चों में हुआ झगडा बड़ों के बीच पहुं. चने के बाद सांप्रदायिक तनाव बनता तब तक फुगाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर सभी का शांति भंग में चालान कर दोनों पक्षों को भविष्य में झगड़ा ना करने की चेतावनी भी दी। फिलहाल इस मामले में गांव के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों का फैसला करा दिया। अब गांव में भी कोई तनाव नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिनष पहले बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हबीबपुर सीकरी में खेल के दौरान दो सांप्रदाय के बच्चों में मामूली सा झगड़ा हो गया था। तब यह झगड़ा बड़ों के बीच पहुंच गया। दोनों पक्षों की और से पथराव हुआ। जिसमें दोनों और से कई ग्रामीण चोटिल हो गये। बीच बचाव कराने वाले भी लपेटे में आ गये। इससे पहले मामला बढ़ता तब किसी की सूचना पर फुगाना पुलिस ने घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। दोनों पक्ष पुलिस के आने पर शांत हुए लेकिन तनाव बरकरार रहा। पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के कई लोगों को पकड़ लिया और थाने ले आई।

# मेले में बड़ी लापरवाही: आधे घंटे हवा में अटका झूला, गूंज उठीं चीखें

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में चल रहे छडियान मेले में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मेले का बड़ा झूला अचानक बीच हवा में रुक गया, जिसमें बैठे दर्जनों लोग करीब आधे घंटे तक 50 फुट की ऊंचाई पर लटके रहे। झूले में बैठी महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार से अफरा-तफरी मच गई। झूले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। वीडियो में झूला खतरनाक तरीके से झूलता और फिर हवा में लटका दिखाई दे रहा था।

खतौली में आयोजित मेले में रिंग झूला, नाव झूला और अप्पू घर जैसे कई बड़े झूले लगाए गए हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नदारद हैं। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई न हुई तो बड़ा हादसा हो सकता था। बता दे की शुक्रवार को मेला छड़ियांन में एक बड़ा हादसा होने से उस समय टल गया जब चलता हिंडोला बीच मे ही हवा में रुक गया जिसे देख झूले में बैठे लोग और महिलाएं और बच्चों की चीखें निकल गयी। झूला बीच मे ही रुकने से स्थानीय प्रशासन के खेमे ने हड़कंप मच गया। झूला रुकने की सूचना एसडीएम राजकुमार भारती को दी गई जिसके बाद सूचना मिलते ही एसडीएम खतौली राज. कुमार ने तत्काल टीम भेजकर सभी झूले बंद कराने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के ऐसे खतरनाक झूले नहीं चलने दिए जाएंगे। इस पूरे प्रकरण ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि झूलों को फिटनेस जांच के बाद हरी झंडी दी गई थी, बावजूद इसके झूला तकनीकी खराबी के चलते बीच में रुक गया।



वहीं, ठेकेदार के साथ कुछ सभासदों की पैरवी की बात भी सामने आ रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार इतने जोखिमभरे झूले बिना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और अनुमति के कैसे चल रहे थे। स्थानीय लोगों की निगाहें अब प्रशासन और जिलाधिकारी पर टिकी हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं या नही।

# ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट कर घर से बाहर निकाला

**खतौली।** शुगर मिल कॉलोनी निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुरा. लियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर अपने पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सोनी पुत्री अच्छे लाल ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग 13 वर्ष पूर्व बिहार के जनपद मोतिहारी के मटिया गांव निवासी राजा पुत्र शंभू पासवान के साथ हुई थी। विवाह के समय उसके परि. जनों ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से असंतुष्ट रहा। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति और ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर रोजाना मारपीट, गाली-गलौज तथा मानसिक प्रताड़ना देने लगे। विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की नीयत से एक कमरे में बंद कर भोजन तक नहीं दिया गया। दो वर्ष पूर्व तो ससुराल पक्ष ने उसे जहर देकर मारने का प्रयास भी किया था, लेकिन वह किसी तरह बच गई।सोनी ने कहा कि ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये नकद और एक कार की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे तीन बच्चों सहित घर से धक्का देकर बाहर कर दिया गया। मजबूर होकर पीड़िता ने अपने मायके में परिजनों को आपबीती सुनाई और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़िता ने अपने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र बना है खतरे की घण्टी

**बुढ़ाना।** एक जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र इस समय खतरे की घंटी बना हुआ है जबकि आश्चर्य की बात यह है की शिकायत होने पर सरकारी कागजों में इस जर्जर भवन को भ्रष्ट अधिकारियों ने चकाचक ओके दिखा दिया है। इसको लेकर शिकायत करने वाले भी हैरान हैं और अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीण इसको लेकर सवाल उठा रहे हैं कि जब अधिकारियों ने इसको जांच में चकाचक ओके लिख दिया है और फिर भविष्य में कोई कांड होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खिजरपुर मदीनपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र खस्ताहाल और जर्जर अवस्था में है। इसके भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं और छत भी गिरने की स्थिति में है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे छोटे बच्चों की सुरक्षा हर पल खतरे में है। शिकायतकर्ता मौहम्मद अरशद ने मीडिया को शनिवार के दिन इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आँगनवाड़ी केंद्र की मरम्मत और नए भवन निर्माण के लिए विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि उनकी शिकायत को बिना किसी ठोस कार्रवाई के बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में ग्राम प्रधान की मिलीभगत है। जिसके कारण शिकायत को दबा दिया गया है और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं कि यहां के बच्चों के पोषण और शिक्षा का एक मात्र सहारा यही आंगनवाड़ी केंद्र है लेकिन वर्तमान स्थिति में वहां बच्चों को भेजना अब जोखिम भरा हो गया है। क्या एसडीएम इस और ध्यान देंगी?

## एडीजी ने फुगाना थाने का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने जहां एक और आज शनिवार के दिन थाना समाधान दिवस में थाना फुगाना में पहुंचकर फरियादियों की समस्या को ध्यानपूर्वक से सुना तो वहीं दूसरी और उन्होंने इसी के साथ साथ फुगाना थाने का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने फुगाना थाना परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था देखी और अभिलेखों को भी देखा। इस दौरान फुगाना पुलिस में हड़कंप मचा रहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी यहां पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और सभी फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ही करने के निर्देश दिए।

# सर्राफ की दुकान से डेढ़ लाख के जेवर चोरी करने वाली महिलाएं हिरासत में

**खतौली।** खतौली कस्बे के बड़ा बाजार में स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से करीब 20 दिन पूर्व लाखों रुपये के जेवर चोरी करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है और चोरी किए गए जेवर बरामद करने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को दो महिलाएं नगर के प्रमुख ज्वेलरी शोरूम में पहुंचीं। उन्होंने गहनों को देखने और खरीदने का बहाना बनाया। इस दौरान उन्होंने मौका पाकर दो सोने की चेन और दो चांदी की पाजेब चोरी कर ली और फरार हो गईं। दुकान स्वामी पंकज जैन पुत्र रमेश चंद मुखिया को चोरी का पता पिछले शनिवार को तब चला जब उन्होंने गहनों की गिनती की। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो महिलाओं का कृत्य सामने आ गया।पीड़ित ने पूर्व नगर अध्यक्ष अमित जैन के साथ कोतवाली पहुंचकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी थी। उस समय मौके पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति भी मौजूद थे। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वहीं, महिलाओं को पकड़े जाने के बाद शनिवार को पीड़ित सर्राफ व अन्य व्यापारी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस से आरोपित महिलाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि चोरी किए गए जेवर लौटाए जाएं या उनकी कीमत दिलाई जाए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित महिलाओं का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सभासद ने की कब्रिस्तान मार्ग पर पड़े कूड़े की शिकायत

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर दस के सभासद गुलफाम खान ने आज शनिवार के दिन बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव से उनके वार्ड नंबर 10 में बड़कता रोड़ पर स्थित प्रधूमन के मकान से लेकर कब्रिस्तान वाले रास्ते पर पड़े हुए कूड़े को लेकर बातचीत की। जिस पर ईओ आलोक रंजन ने शीघ्र ही उक्त समस्या के निराकरण का आश्वा. सन सभासद गुलफाम खान को दिया है। उल्लेखनीय है कि ईओ आलोक रंजन यादव को जब भी कोई शिकायत मिलती है तो वो उसको तुरंत गंभीरता से लेते हुए उसके निराकरण का पूरा प्रयास करते हैं।

# शिखर शिक्षा सदन में हिन्दी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरांपुर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मधु कौशिक, चेयरमैन सुशील शर्मा, निदेशक राजेश शर्मा, प्रबन्धिका शिखा शर्मा एवं प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा 11 से आराध्य शर्मा ने प्रथम, इनम्मा ने द्वितीय एवं रिद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9 से नैना राजवंशी प्रथम, रीत राणा द्वितीय तथा उल्पफत रसूल तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपनी कविता प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्पन्न

**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी मीरापुर विधानसभा 16 के मीरापुर मंडल में रूप सिंह प्रजापति के आवास पड़ाव चौक मीरापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित चौधरी जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख सदर व रविन्द्र बेनीवाल मंडल प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भाजपा मीरापुर सचिन ठाकुर ने की तथा संचालन रूप सिंह प्रजापति ने किया।

## चन्द्रशेखर पीजी कॉलेज में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**चरथावल।** प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल द्वारा सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय कैंप लगाया गया कैंप का विधिवत उद्घाटन राकेश वशिष्ठ प्रबंधक महाविद्यालय चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज चरथावल द्वारा किया गया कैंप में सभी छात्र-छात्राओं को अनेक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसमें मुख्य विषय एड्स रहा चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर आमिर ,डॉक्टर रश्मि काकरान, एवं डॉक्टर पूजा देवी ने अपने महत्वपूर्ण ज्ञान से एड्स की बीमारी से अवगत कराया कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया कैंप में सुमित कुमार, राशीद खान, विनीत कुमार, अंशुल कुमार, सुनील पुंडीर, सुखपाल, ;षि पाल, आदि का सहयोग रहा

# कैंसर के इलाज की दी जानकारी

**मुज़फ्फरनगर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज. ने आज शहर में स्थित आनंद हॉस्पिटल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। यह कदम कैंसर मरीजों को शहर और आसपास के क्षेत्रों में ही विशेष इलाज उपलब्ध कराने की शुरुआत है। इसकी शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर - डॉ. नितिन लीखा ने की हैं । ये शुरुआत हर माह के दूसरे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी।?

अस्पताल का उद्देश्य है कि कैंसर मरीजों को उनके घर के पास ही सर्जिकल उपचार उपलब्ध हो सके,। डॉ. नितिन लीखा ने बताया कि हइन ओपीडी सेवाओं का मकसद कैंसर से जुड़े लक्षण जैसे शरीर में गांठ, निगलने में कठिनाई, बिना वजह वजन घटना और अन्य गंभीर स्थितियों के लिए समय पर परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना है। यह मुज़फ्फरनगर की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मूल्यवान योगदान है। अब शहर और आसपास के लोगों को प्राथमिक परामर्श या फॉलो-अप के लिए मेट्रो शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। नई सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी में विशेषज्ञ परामर्श, व्यक्तिगत उपचार योजना और फॉलो-अप सपोर्ट उपलब्ध होगा, जो आधुनिक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की नवीनतम तकनीकों पर आधारित है।मुज़फ्फरनगर में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह ब्विवस्तरीय कैंसर उपचार की पहुंच को और विस्तृत बना रहा है। मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज निरंतर नवाचार और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुख्रढ़ करने के लिए समर्पित है।

# बाढ पीड़ितों के सुख दुख में खड़ी है जमियत : अंसारी

**बुढ़ाना।** शाहपुर कस्बे के प्रसि) समाजसेवी साजिद अंसारी का कहना है कि पंजाब राज्य में विगत दिवस आई भयंकर बाढ़ से पीड़ित हुए लाखों लोगों के सुख और दुख में जमीयत उलेमा ए हिन्द की शाहपुर शाखा रात दिन खडी है और इसके लिए जमियत ने एक बड़ी पहल करते हुए काफी राहत सामग्री पंजाब राज्य में भिजवाने की जो शुरुआत की है वह बहुत ही सराहनीय है।

साजिद अंसारी ने इस मामले में जमियत के उच्च पदाधिकारियों की भी जमकर सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में चलकर ही हम लोग पीड़ितों की सेवा करने के काबिल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर कस्बे के प्रसिद्ध समाजसेवी साजिद अंसारी एवं नगरवासियों के अथक सहयोग से जमीयत उलेमा ए हिन्द शाखा शाहपुर के सौजन्य से पंजाब ओर जालंधर में काफी राहत सामग्री भेजी गयी हैं। वहां पूर्व में आई बाढ़ से हजारों गांव तबाह हो चुके हैं। जिनमे लाखों व्यक्ति, पशु, पक्षी घायल एवं तबाह हो



चुके हैं। उनकी देखभाल, सेवा और ईलाज के लिए क़स्बा शाहपुर से लाखों रुपए की लागत की दवाईयां एवं आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से लाखों रूपये की नगदी एकत्रित की गयी है। यह सब सामान पंजाब प्रांत के लिए रवाना किया गया। जिसको समाजसेवी यूनुस मलिक, आसिम उर्फ़ बिट्टू अंसारी, रियाज अंसारी, साजिद अंसारी, राशिद अंसारी, सादिक अंसारी और साहिब अंसारी सपा छात्र नेता सहित अन्य कई गणमान्य समाजसे. वियों द्वारा रवाना किया गया। शाहपुर कस्बे में अंसारी समाज एवं जमीयत उलेमा के द्वारा इस मदद की जमकर सराहना हो रही है और लोग कह रहे हैं कि इस तरह की पहल बहुत ही सराहनीय है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति रोहाना की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहकारी गन्ना विकास समिति रोहाना के अध्यसहक. ारी गन्ना विकास समिति रोहाना की वार्षिक साधारणक्ष अनिल त्यागी के नेतृत्व में आज वार्षिक साधारण सामान्य सभा की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

इस महत्वपूर्ण सभा में सभी सम्मानित डायरेक्टर, डेलीगेट, किसान, सोसायटी के सेक्रेटरी, डिप्टी, कर्मचारी एवं रोहाना, देवबंद, तितावी व खाईखेडी शुगर मिल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभा में मुख्य रूप से किसानों की मिल से संबंधित समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पेराई सत्र प्रारंभ होने से पहले समस्याओं के समाधान हेतु प्रस्ताव पारित किया गया, ताकि समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। साथ ही गन्ना सेंटर से जुड़े सभी प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्हें गन्ना विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी गई और उनके हित में ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि समिति हमेशा किसानों के साथ खड़ी रहेगी और उनके हित के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी।

# लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लायंस क्लब खतौली द्वारा रविवार को गुलशन ढाबा पर शिक्षक सम्मान एवं रीजन-जोन की आधिकारिक यात्रा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, सामाजिक कार्यों की सराहना और महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्लब अध्यक्ष लायन अर्जुन गुप्ता ने शिक्षकों के योगदान को सराहते हुए कहा कि समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। इस अवसर पर सात श्रेष्ठ शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने इस पहल के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया। रीजन लायन नवीन कुमार और जोन लायन अमित गोयल ने लायंस क्लब द्वारा अब तक किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी सदस्यों से भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाजहित में कार्य करते रहने का आह्वान किया। महिलाओं के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास भर दिया। मंच संचालन लायन डॉ. सुनील शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य, लायनेस, बच्चे और बाहरी लायन साथी शामिल हुए। इस अवसर पर क्लब के सचिव लायन पीयूष जैन, कोषाध्यक्ष लायन नितिन गोयल, संयोजक लायन विक्रांत जैन, चार्टर मेम्बर डॉ. अशोक सिंघल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव लायन विनीत जैन, डिस्ट्रिक्ट डायमंड लायन सुनील जैन, लायन अतुल जैन, अरुण कर्णवाल, उमेश कुमार, भूपेंद्र गुप्ता, नीरज गुप्ता, पीयूष जैन (अरिहंत), अशोक जैन, राहुल जैन, आशीष कंसल, प्रणव वर्मा, डॉ. रुचिन सिंघल, आलोक जैन, अनुज मिनोचा, विभोर जैन, मनीष जैन, आनंद जैन, गौरव जैन, पारुल जैन, अनुज शर्मा, अमित



गोयल, रजत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ समाज सेवा की भावना का संचार हुआ, जिससे यह आयोजन एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नंदनी ने पाया प्रथम स्थान

**मुजफ्फरनगर।** राज पब्लिक इंटर कालेज मंसूरपुर में आज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा 10 तक के छात्रें में प्रतिभाग किया। कक्षा 10 की छात्र नंदिनी मलिक ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य शिवम राठी ने पटका पहना कर तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



# व्यापारियों को हर स्तर पर सम्मान दिलाने के लिए कटिबद्ध : कंसल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (रजि.) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एटा जिले में आयोजित हुई जिसमें प्रदेश के 68 जिलो से व्यापारियों ने प्रतिभाग किया ।

इसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर से भी वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में एक टीम एटा जिले में पहुंची थी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने की एवं संचालन प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने किया।

बैठक में वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की पश्चिम क्षेत्र की राजनितिक समन्वय समिति के संयोजक मनोनीत करने का कार्य सर्वसम्मति से किया गया। इसी अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और जिसमें नगर कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, जिला युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के द्वारा बड़ी संख्या में समस्त पदा. धिकारी एवं सदस्यों ने पगड़ी पहनाकर एवं शोल उड़ाकर, फूल मालाओं के द्वारा उनका अभूतपूर्व स्वागत आर्शीवाद बैंक्विट हॉल पर किया गया। उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन प्रदेश सचिव दिनेश बंसल ने किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गर्ग ने कहा कि यह राजनी. तिक विंग व्यापार मंडल के बहुत से पदाधिकारियो को राजनीतिक रूप से आगे लेकर जाएगी। सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, (संरक्षक) ने कहा कि अशोक कंसल बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं और राजनीतिक रूप से काम करने में इनका कोई दूसरा सानी नहीं है।

इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक सुलक्खन सिंह नामधारी, वरिष्ठ



भाजपा नेता एवं संरक्षक सुखदर्शन सिंह बेदी, प्रदेश सचिव दिनेश बंसल, जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी, नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल, नगर महामंत्री प्रवीण खेड़ा, सभासद हिमांशु कौशिक, सभासदपति शोभित गुप्ता, सभासद सतीश कुकरेजा, अमित मित्तल, पंकज अपवेजा, अजय गुप्ता, धर्मपाल कपूर, दिनेश गिरी, राकेश गर्ग, विकास अग्रवाल, पंकज गोयल, नितिन तायल, शोभित सिंघल, रामपाल सैन, अलका शर्मा, अंजू शर्मा, अनीशा भटनागर, मुस्कान वर्मा, सोनिया तायल, सभासद ऋतु त्यागी इत्यादि उपस्थित रहे।

# गंगा मैया को श्रद्धालुओं ने अर्पित की विशाल चुनरी



**मोरना।** गंगा घाट पर मां गंगा को विशाल चुनरी श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गयी। तथा विशेष पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम मे मां गंगा की पूजा मंत्रोचार के साथ की गयी। मां गंगा को दुग्ध, दही,शहद,घी आदि अर्पित किये गये साथ ही भजन कीर्तन व गंगा मैया की जयघोष के बीच सेंकड़ो मीटर लम्बी एक विशाल चुनरी को मां गंगा को अर्पित किया गया। बेंड बाजो के साथ धार्मिक भजनो पर महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया।गोड़िये मठ के अधिष्ठा स्वामी भक्ति भूषण महाराज ने पूजा सम्पन्न कराई इस अवसर पर बी के प्रवेश दीदी अजय कृष्ण महाराज, स्वामी श्रीधर महाराज,अद्वेत महाराज, राधे बाबा, मालती गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, सारिका,श्यामा, निर्मला, संगीता, प्रतिभा, पुष्पा, शारदा, कृष्णा, विमला,प्रमित पाल, दामोदर आदि ने पूजा मे भाग लिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी बेटी sayyeda sukaina zaidi के स्कूल रिकार्ड में भूलवश मेरा नाम जेहरा हसन दर्ज है, जो गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम जेहरा हसन आबिदी है। इसी प्रकार बेटी के स्कूल रिकार्ड में उसका नाम sayyeda sukaina zaidi दर्ज करा दिया गया है जोकि गलत है, उसका सही नाम sayyeda sukaina है ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है भविष्य में भी समस्त कार्यो के लिए मुझे व मेरी पुत्री को इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**जेहरा हसन आबिदी**
**पत्नी नादिर अली**
**निवासी -97/131,**
**दक्षिण कृष्णापुरी,**
**मुजफ्फरनगर,**
**(उ०प्र०) 251002**

**सूचना**

मैने अपना नाम गुंजन से बदलकर गुंजन सिंह रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे गुंजन सिंह के नाम से जाना जाये।

**गुंजन सिंह पत्नी धर्मेन्द्र सिंह**
**निवासी 464/59 दक्षिणी**
**सिविल लाईन मुजफ्फरनगर**

**CHANGE OF NAME**

I, Alka, W/O Ankush Sangal R/o 139, Bhatwada Dakshini, Budhana, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh - 251309. have changed my name and shall hereafter be Known as Alka Sangal.

# ग्रामीण महिला की रहस्यमय बुखार से मौत

## वाराणसी में तैनात आरपीएफ जवान की बीवी है मृतका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीती 09 सितम्बर को गांव जौला में रहस्यमय बुखार से हुई 10 साल के शाकिर अहमद की मौत को ग्रामीण अभी तक भूले भी नहीं थे कि आज फिर शनिवार की प्रथम रात्रि में लगभग 37 साल की एक महिला ने रहस्यमय बुखार की चपेट में आकर दम तोड दिया।

उक्त मृतका महिला रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी में कांस्टेबल के पद पर तैनात नफीस अहमद की बीवी है। महिला की मौत को लेकर परिवार में कोहराम मचा है। उधर स्वास्थ्य विभाग कुम्भकर्णी नींद में अभी भी सोया हुआ है। शायद कुछ और ग्रामीणों की मौत का इंतजार कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले बेगम पत्नि नफीस को बुखार आया। तब उसको गांव के ही किसी चिकित्सक को दिखाया गया तो उसने महिला की हालत गंभीर बताते हुए दिल्ली ले जाने की सलाह दी तो वे बेगम को दिल्ली ले गये। जहां उपचार के चलते बेगम ने आज शनिवार की प्रथम रात्रि करीब 1 बजे दम तोड दिया। घटना की सूचना वाराणसी डड्यूटी पर तैनात उसके शौहर नफीस को दे दी गयी। शाम के वक्त बेगम को सैंकड़ों ग्रामीणों की मोज. ूदगी में नम आंखों से गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। बीते 9 सितम्बर को भी गांव जौला के शाकिर ने भी रहस्यमय बुखार की चपेट में आकर दम तोड दिया था।

### फर्जी डाक्टरी व अस्पतालों से उगाही तक ही सीमित है सीएचसी

**बुढ़ाना।** अगर सुत्रों की बातों पर यकीन किया जाए तो सीएचसी में तैनात कुछ स्वास्थ्यकर्मी जो कि यहां पर कई सालों से जमे हुए हैं वे तो सिर्फ 2 पक्षों में हुए झगड़े में उस पक्ष की फर्जी डाक्टरी बड़े ही धड़ल्ले से कर रहे हैं जो इनको मुंह मांगी रकम दे देता है फिर चाहे वह आरोपी ही क्यों ना हो इनको इससे कोई भी मतलब नहीं है। मुंह मांगी रकम न मिलने पर ये डाक्टरी सही नहीं करते। जिससे आरोपी को लाभ मिल जाता है और पीड़ित बेचारा धक्के खाता रहता है। ये फर्जी हस्पतालों में छापामार कार्यवाही करते हैं लेकिन कुछ दिन बाद मोटी रकम मिलते ही ये ही फर्जी हस्पताल मान्यता प्राप्त हो जाते हैं जो कि अपने आप मे हास्यास्पद है।

### कितनी लापरवाही बरत रहा है स्वास्थ्य विभाग

**बुढ़ाना।** आज शनिवार की सुबह जब सोशल मीडिया पर रहस्यमय बुखार से हुई एक और मौत की खबर वायरल हुई तो सीएचसी पर तैनात किसी भी चिकित्सक ने इसको लेकर कोई भी हलचल नहीं दिखाई जबकि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने जौला गांव अपने क्षेत्र में ना होने के बावजूद भी मानवता का परिचय देते हुए इन दो मोतों के संबंध में अपने उच्च अधिकारियों से बात कर 4 दिन में जौला में हुई दो मोतों की जानकारी दी।

### एंबुलेंस की कोई सुविधा नहीं है यहां.....

**बुढ़ाना।** इस सीएचसी का एक और दुर्भाग्य है। जब भी कोई सीरियस मरीज झगडे, हादसे या फिर किसी सड़क दुर्घटना का यहां पर आता है तो फिर उसका भगवान ही मालिक है। समय पर यहां कभी भी एंबुलेंस नहीं मिलती। घंटों घंटों हो जाते हैं लेकिन एंबुलेंस नहीं आती। तब तक मरीज इलाज के अभाव में आकर दम तोड देता है। डाक्टर के साथ साथ पुलिस भी मूकदर्शक बनी रहती है। हर कोई जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता हुआ नजर आता है। एंबुलेंस न आने और समय पर इलाज नहीं मिलने के चलते तीन मरीज इसी वर्ष दम तोड चुके हैं। हंगामे भी हुए लेकिन सुधार कुछ नहीं। वैसे एक एंबुलेंस यहां पर खड़ी रहती है लेकिन वह मुंह मांगी रकम पीड़ितों से मौके पर ही ले लेता है। तभी एंबुलेंस लेकर आगे बढ़ता है।

### सीएचसी प्रभारी फोन ही रिसीव नहीं करते....

**बुढ़ाना।** नये सीएचसी प्रभारी डाक्टर प्रणव तेवतिया से यहां के लोगों को काफी उम्मीदें थी लेकिन वे भी यहां के लोगों की कसोटी पर खरे नहीं उतर पाए। किसी का भी फोन तक रिसीव करना वे जरुरी नहीं समझते। कई लोगों को तो ये सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया को अपना रिश्तेदार बताकर बड़ी दबंगता से अपनी डड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। क्या मजाल कोई इनके खिलाफ कुछ बोल दे।

### काफी ग्रामीण हैं रहस्यमय बुखार से पीड़ित.....

**बुढ़ाना।** इन पिछले 4 दिनों में हुई 2 मौतों के चलते अन्य कई ग्रामीण भी रहस्यमय बुखार की चपेट में आए हुए हैं जो कि विभिन्न स्थानों पर अपना इलाज करा रहे हैं। अगर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन सभी पीडित मरीजों की सुध लेने के लिए गांव का विजिट करें और एक दो स्वास्थ्य कैंप भी लगाए तो रहस्यमय बुखार से होने वाली इन मोतों पर समय रहते पूर्ण रुप से अंकुश लग सकता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, आधा दर्जन महिलाएं-बच्चे घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगनहर पुल के समीप शनिवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मेले से लौट रहे ई-रिक्शा को तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें सवार करीब आधा दर्जन महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खतौली में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बोपाड़ा निवासी एक परिवार की महिलाएं और बच्चे शनिवार को खतौली मेले का आनंद लेने आए थे। शाम को मेला देखकर लौटते समय ई-रिक्शा गंगनहर पुल के समीप पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ई-रिक्शा को सीधा किया और घायलों को बाहर निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया।हादसे में ई-रिक्शा चालक नदीम (पुत्र इस्लाम, निवासी हुसैनपुर बोपाड़ा), रितिका (पत्नी विकास), विकास (पुत्र अनुज), विनय (पुत्र अनुज, 15 वर्ष), पिरायंशी (पुत्री अनुज, 10 वर्ष) और विनीत (पुत्र अनुज, 12 वर्ष) घायल हो गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल ट्रक चालक मौके से फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

# मेपल्स एकेडमी में हुआ हिंदी दिवस आयोजित

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढाना में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या को हिंदी दिवस बहुत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताएं अंतर कक्षा के मध्य रखी गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया।

कक्षा प्रथम और द्वितीय में कविता वाचन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने प्रकृति, मातृ प्रेम, मेरा प्यारा भारत और हमारा विद्यालय पर मनमोहन कविताएं सुनाई। कक्षा तृतीय और चतुर्थ में निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मातृभाषा हिंदी, स्वच्छ भारत अभियान और मेरा प्रिय त्योहार पर अपने विचार साझा किए। कक्षा पांचवी के लिए भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी का महत्व, विद्याथह्र अनुशासन, राष्ट्रभक्ति



का महत्व एवं डिजिटल भारत जैसे विषय पर विभिन्न भाषण दिए। इसी के साथ बच्चों ने अलग अलग राज्यों के परिधान पहनकर उनकी बोलियों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर हिंदीमय वातावरण में गूंज उठा। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया यहां पर मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा और उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से अवगत कराया और सबको हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

### पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं ने मनाया हिन्दी दिवस

**मोरना ।** ककरौली मे जानसठ मार्ग स्थित एस डी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं ने कविताएं एवं भाषण द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये। कक्षा एक से पांच तक सुलेख प्रतियोगिता एवं कक्षा छरूसे 12 तक विद्यार्थियों ने निबंध ,कविताएं प्रस्तुत की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।स्कूल के डायरेक्टर कृष्ण पाल सिंह एवं प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है ।संविधान मे 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया गया था। हिन्दी सरल और प्रभाव छोड़ने वाली भाषा है। हिन्दी का विश्व भर मे प्रचार हो रहा है। छात्राओं ने पोस्टरकार्ड पर अपनी भावनाओं को उकेरा ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### गंधक पोटाश से झुलसे मजदूर के दोनों हाथ कटे

**बुढ़ाना।** बीते दिन गंधक पोटाश से झुलसे एक मजदूर के दोनों हाथ पूरी तरह से जल गये हैं। जिनको डाक्टरों ने काटने के लिए कहा है। बाग ठेकेदार साथ में है उधर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। 45 साल का मुन्ना पुत्र अख्तर उस्मानी निवासी मौहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा बुढ़ाना बीते शुक्रवार के दिन गांव चंधेडी में स्थित अमरुद के एक बाग में अमरुद तोड़ने की मजदूरी करने गया था। तब वहां पर बाग ठेकेदार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी गुलजार ने पक्षियों को उडाने की नीयत से गंधक पोटाश रख दिया और घर खाना खाने के लिए चला गया था तो उसकी गैर मौजूदगी में मुन्ना ने गंधक पोटाश को आपस में मिला दिया। जिससे रगड़ लगते ही गंधक पोटाश में चिंगारी उठते ही आग लग गयी। जिसमें मुन्ना बुरी तरह से झुलस गया था। झुलसे मुन्ना को हस्पताल में भर्ती कराया था तो उसे जिला चिकित्सालय के लिए डाक्टरों ने रैफर कर दिया था। मुन्ना के दोनों हाथ बुरी तरह से जल गये हैं। अगले 24 घंटे उसके लिए अहम हैं।

### एसएसपी ने थाना सिखेड़ा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना सिखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, भोजनालय, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया । उन्होंने थानाक्षेत्र में शातिर अपराधियों/हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने, आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व थाना क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया।

### डीआईजी का आपरेशन सवेरा ला रहा है रंग

**बुढ़ाना।** सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह का आपरेशन सवेरा खूब रंग ला रहा है। इसी आपरेशन के तहत नशे के तस्कर दबोचे जा रहे हैं। इसी कडी में बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री ने एक स्मेकर को दबोचकर उसके पास से 15 ग्राम स्मेक बरामद की है। एडीजी मेरठ भी इस आपरेशन की सराहना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में बीती देर रात दारोगा नंदकिशोर सिंह विज्ञाना मार्ग पर गश्त कर रहे थे। जब उन्होंने टार्च की रोशनी में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में खड़े हुए देखा तो वह पुलिस टीम को देखकर तेजी से भागने लगा। तब दारोगा ने बड़ी फुर्ती से अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के सहयोग से उसे भागकर पकड लिया।

उसकी तलाशी ली गयी तो पुलिस टीम ने उसके पास से स्मैक बरामद की जो कि वजन में 15 ग्राम थी। आरोपी ने अपना नाम फरमान पुत्र वहीद निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जिला शामली बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में दारोगा छविकांत सिंह, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल विजय कुमार भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने बुढ़ाना कोतवाली का चार्ज संभालने के ठीक 4 दिन बाद ही करोड़ों रुपये की स्मेक बरामद करते हुए नशे के तस्करों में खलबली मचा दी थी। बीते कल फिर नशे के एक सौदागर से अवैध नशीली स्मेक बरामद की है।

### दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**मोरना।** सामाजिक मर्यादाओ के इतर दो बच्चों की मां गैर जाति के युवक संग फरार हो गयी। पति ने पत्नी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर निवासी व्यक्ति ने बताया की शुक्रवार को वह काम करने बाहर गया हुआ था। शाम के समय जब वह घर लौटा तो पत्नी व चार वर्ष व आठ वर्ष के दोनों पुत्र भी गायब मिले।तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। ग्रामीणों से जानकारी करने पर पता चला की गांव निवासी गैर जाति का युवक उसकी पत्नी को दोनों बच्चों सहित बहका फुसला कर ले गया है। पत्नी का मोबाइल भी बंद है। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पत्नी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### लेन देन के चलते ऑनलाइन खाता हुआ प्रिज

**बुढ़ाना।** लेन देन के चलते एक ग्रामीण का खाता फ्रीज हो गया। इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी गयी है। मोबीन पुत्र शमशाद निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पटी ने बताया कि वह गरीब व्यक्ति है। बीती 19 अगस्त को वह शामली के एक हस्पताल में था। उसे रुपयों की जरुरत पड़ी तो उसने घर फोन कर कहा कि मेरे खाते में 1 हजार रुपये डलवा दो तो उसके घर से एक बच्चा पडोसी समीर पुत्र मुस्तकीम के पास गया और उससे मेरे फोन में 1 हजार रुपये भेजने को कहा तो समीर ने एक ट्रान्जेक्शन 90 रुपये व दूसरी 900 रुपये की कर दी तो उसके फोन पर 990 रुपये तो आ गये लेकिन समीर की धोखाधडी से उसके 500 रुपये होल्ड पर चले गये। जिस कारण उसका खुला हुआ आनलाईन खाता फीज हो गया। उसके खाते में 7 हजार 439 रुपये हैं लेकिन खाता बंद होने से उसके सारे काम रुक गये। आरोपी समीर लोगों के साथ अक्सर ऐसे ही काम करता है। जो कि लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। इसलिए समीर के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए ।

### वेंदाता स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में हिंदी दिवस बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गय। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है यह भाषा हमें एक दूसरे से जोड़े रखती है प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने विद्यार्थियों को हिंदी की महत्ता व अखंडता को समझाया। विद्यालय की को ऑर्डिनेटर सुनीता सैनी, प्रीति शर्मा ने कहा कि हिंदी केवल अपने विचारों व भावों को एक दूसरे के समक्ष रखना नहीं बल्कि हमारी सभ्यता ,संस्कृति और हमारी मातृभाषा को श्रेष्ठता प्रदान करना है। हिंदी विषय की अध्यापिका बबीता गुप्ता व राजश्री तोमर ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।

# श्री कृष्ण गर्ल्स कॉलेज में मनाया हिन्दी दिवस



**बुढ़ाना।** सिसौली कस्बे में स्थित श्री कृष्ण गर्ल्स कॉलेज आफ हायर एजुकेशन में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा से की गई। यहां हिंदी के महत्व पर नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें बीए और फर्स्ट ईयर की छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। हिंदी प्रवक्ता पूनम बालियान और कॉलेज की प्राचार्य नीतू सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदी विषय पर बारीकी से प्रकाश डाला और कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। इसलिए हमें मातृ भाषा पर पूरा गर्व होना चाहिए।

### प्रभु की भक्ति मे कष्ट भी कोमल हो जाते हैं :श्रीराम त्रिपाठी

मोरना। शुकतीर्थ स्थित श्री सच्चा प्रकाश आश्रम मे पितृ पक्ष मे जारी श्रीमद भागवत कथा का शनिवार को समापन हो गया। आयोजित विशाल भंडारे मे बड़ी संख्या मे साधु संतो ने भाग लिया श्री सच्चा प्रकाश आश्रम की संचालिका साध्वी पूजा जी के सानिध्य मे चल रही श्री मद भागवत कथा के समापन पूर्व कथा व्यास श्रीराम त्रिपाठी जी ने कहा की शुकदेव मुनि की तपो स्थली पर कथा वर्णन व श्रवण दोनों ही अच्छे कर्मो का फल हैं।अनंत काल से शुकतीर्थ की पावन भूमि पर भागवत कथा वर्णन संतो के द्वारा निरंतर जारी है।भागवत कथा प्रभु की भक्ति को प्रगाढ करने वाली है, और प्रभु की भक्ति कष्टो को निर्मल कर देती है। पतित पावनी मां गंगा के तट पर भागवत श्रवण का अध्यात्मिक महत्व है। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर साध्वी पूजा जी व ;षिकेश से पधारे स्वामी वीरपाल महाराज,ब्रह्मकुमारी प्रवेश दीदी,आशीष पांडे, वंदना, मोहिनी, राजकुमारी, संदीप भगत आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# श्री राम जन्म की पावन कथा श्रवण कराई गई



**बुढ़ाना।** लुहसाना ग्राम के सीताराम मन्दिर में आयोजित श्री रामकथा के तृतीय दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि जब जब धर्म की हानि होती है और अहंकारी असुरों की अभिवृद्धि होती है तब तब परमात्मा विष्णु मानव शरीर धारण करके असुरों का विनाश करते हैं देवताओं की प्रतिष्ठा करते हैं तथा वेद प्रतिपादित धर्म एवं संस्कृति की सुरक्षा करते हैं। विप्र, गाय, देवता तथा सन्त ये चार सनातन धर्म एवं संस्कृति के मूलाधार हैं। विप्र के बिना धर्म के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान एवं प्रतिपादन तथा आचरण संभव नहीं है। धेनु के बिना यज्ञादि धार्मिक क्रियायें संपन्न नहीं हो सकती हैं। देवताओ की कृप्या के अभाव में सत्कर्मों का फल उचित प्रकार से नहीं मिल सकता है तथा प्राणी के गुणों का विकास नहीं हो सकता है। सन्त या सज्जन वास्तविक धर्मानुयायी तथा मानवीय गुणों से परिपूर्ण होते हैं इनके हित के लिए भी भगवान अवतार लेते हैं। यहां पर श्री राम जन्म की पावन कथा भी सभी श्रदालुओं को श्रवण कराई गयी।

### रात में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले को भेजा जेल

**भोपा।** बीते माह जारी अफवाहों के बीच रात के अँधेरे के दौरान बेलडा गांव मे दहशत फैलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। तभी से आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस ने शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे बीते 30 अगस्त की रात एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग की गयी थी। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण खौफजदा हो गये गये थे। पुलिस ने आरोपी की तलाश की थी, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया था। शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी प्रवीण उर्फ विकास निवासी बेलड़ा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# श्री श्याम वंदना महोत्सव में झूम उठे हजारों श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से श्री श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, अरुण गर्ग (पेपर वाले), मोहित बंसल, एवं व्यापारी नेता संजय मित्तल ने दीप प्रवजलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा पूर्व विधायक अशोक कंसल,पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला,विशाल गर्ग,मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा राजेंद्र गुप्ता,प्रमुख चावल व्यापारी दिनेश मित्तल,अंकित गर्ग,श्रवण ज्वैलर्स से श्रवण कुमार,सुजीत जिंदल,अग्रसेन भवन से जुड़े सत्प्रकाश मित्तल,ललित माह्नेश्वरी,सौरभ जी,कपिल जी बुढ़ाना वाले,संजय गर्ग आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर समस्तीपुर से प्रसिद्ध



भजन गायिका रेशमी शर्मा और दिल्ली के भजन गायक अनुराग मित्तल ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

कीर्तन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। रेशमी शर्मा ने ह्वह कौन है जिसने हमको दी पहचान हैह्र, ह्रआएगा आएगा आएगाह्र और ह्रमेरा एक साथी है बड़ा ही भोला भाला हैह्र जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं अनुराग मित्तल ने भी अपने भजनों से कीर्तन में चार चाँद लगा दिए। देर रात तक पंडाल ह्रश्याम नामह्र के जयघोष से गूंजता रहा। महोत्सव में श्याम बाबा का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया। दरबार के बीचोंबीच श्याम बाबा विराजमान थे और विशेषता यह रही कि ऊपर श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत उठाए हुए दिव्य प्रतिमा सजाई गई थी और चारों ओर गोपियों की झाँकी स्थापित थी। जिससे पूरा वातावरण अलौकिक और भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर नरेश पुनीया म्यूजिकल ग्रुप ने अपने सुरों से कीर्तन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम का समापन गगनभेदी ह्रश्याम बाबा के जयकारोंह्र के साथ हुआ। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग,संजीव गर्ग, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल,अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग एवं एकादशी सदस्य उपस्थित रहे।

### लोकदल का सदस्यता अभियान

**पुरकाजी।** लोकदल नेता बशारत खान ने बताया दिन रविवार 14 सितंबर दोपहर 3 बजे सनशाइन एकेडमी स्कूल में लोक दल का सदस्य अभियान चलाया जाएगा जिसमें कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जिला अध्यक्ष संदीप मलिक मौजूद रहेंगे बशारत खान ने कहा की क्षेत्र से सभी लोग पहुंचे लोक दल के सदस्य अभियान में शामिल हो

# मुजफ्फरनगर में हुई लोक अदालत में 3,38,589 वादों का निस्तारण

**मुजफ्फरनगर।** जनपद न्यायालय मुजपफरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रविकान्त द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रदान करना है।

प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा सभागार मे उपस्थित बैंक अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे ऋण के मामलों में ग्राहकों को अधिकतम छूट देते हुए प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय खलीकुज्जमा ने पारिवारिक मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने पर बल दिया। आज लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालयों के द्वारा 237 मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।.

लोक अदालत के नोडल अधिक. ारी अपर जिला जज कनिष्क कुमार





द्वारा अपने सम्बोधन में यह कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत लोक अदालत विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने का एक बहुत बड़ा माध्यम है तथा त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के सचिव सीताराम द्वारा यह बताया गया है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल तीन लाख अड़तीस हज़ार पाँच सौ नवासी प्रकरण निस्तारित किये गये।पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण श्रीमती आदेश नैन के द्वारा कुल 142 वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया व 12. 35,08.600/- रूपये प्रतिकर प्रदान किया गया। जनपद न्यायालय के विभिन्न न्यायालयों के द्वारा कुल 6606 शमनीय फौजदारी एवं 60 दीवानी वादों का निस्तारण करते हुए शमनीय फौजदारी वादों मे 17,67,000/- रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा दीवानी वादों में 17,128,342.19 रूपये का उत्तराधिकार आदि का अनुतोष प्रदान किया गया। जिलाधिक. ारी, उमेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा कुल 7991 राजस्व मामलों का निस्तारण कर 15,320,000/- रूपये का राजस्व वसूल किया गया ।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के द्वारा 696 बैंक ऋण मामले निस्तारण कराकर लगभग 89,427,000 की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंव. रपाल सिंह, महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल, सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल, महासचिव राज सिंह रावत, अपर जिला जज आशा रानी सिंह, सीताराम, कनिष्क कुमार सिंह, काशिफ शेख, दिनेश प्रताप सिंह, रीमा मल्होत्रा, दिव्या भार्गव, मंजुला भलोटिया, निशान्त सिंगला, कमला. पति प्रजापति, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम राजकुमार सिंह, एजीएम सुधीर कुमार व लीड बैंक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, समस्त बैंको के अधिकारी एवं बडी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

### पति से लड झगड़कर जहर खाया

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव नीमखेडी में काला ने अपनी पत्नि कोमल को किसी बात पर बीती देर रात डांट डपट दिया था। आज शनिवार की सुबह जब पति काला खेत में दवाई छिडकने के लिए गया तो कोमल ने अपने पति काला की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर मौका पाकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद कोमल की हालत बिगड़ने लगी तो कोमल का शोर शराबा सुनकर पडौस की कुछ महिलाएं कोमल के घर पर पहुंची तब उन्होंने उसके पति को घटना की सूचना देते हुए उसे बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई थी।

### कोतवाल ने समाधान दिवस मे सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के नेतृत्व में आए गांवध रसूलपुर दभेडी के एक पक्ष के लोगों ने बताया कि हमारी 410 मीटर जमीन है जबकि बुढाना कोतवाली में आए दूसरे पक्ष ने भी बताया कि उनकी जमीन 210 मीटर है लेकिन जमीन मौके पर कम होने के कारण हम दोनों पक्षों में विवाद है। जिसकी पैमाइश जरुरी है। भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री को बताया कि अगर जमीन की सही तरह से पैमाईश हो जाए तो विवाद खत्म हो सकता है। इस मामले का एसपी देहात और एसडीएम को भी पता है। तब कोतवाल ने भाकियू नगर अध्यक्ष को बताया कि मंगलवार को इसके लिए एक टीम गठित की जाएगी। जिसमें तहसील कर्मी भी होंगे। इस दौरान यहां पर भाकियू टिकेत के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, पिंटू और मंजूर हसन मोजूद थे।

### 27 साल से फरार वांछित गिरफ्तार

**मंसूरपुर।** थाना पुलिस ने 27 सालों से फरार चल रहे वांछित आरोपी विरेंद्र सिंह पुत्र आशाराम निवासी रमाला, जनपद बागपत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मोबाईल चला रहे व्यक्ति को सांप ने डसा

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेड़ा में शुक्रवार देर शाम एक चौंकाने वाली घटना घटी। यहां सरपफराज पुत्र बुद्धु मोबाईल चला रहा था। उसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। उसे पहले मुजफ्फरनगर से बेगराजपुर और पिफर मेरठ के एक निजी अस्पताल भेजा गया। 24 घंटे के इलाज के बाद उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में एक 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कस्बा झिंझाना के मोहल्ला चंदनपुरी निवासी रियाजुद्दीन की पुत्री गुलशना की नो वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ शादी हुई थी। शनिवार को गुलशना की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पाकर विवाहिता के परिजन भी पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विवा. हता के परिजनों सहित ससुरालयों से पूछताछ की।

विवाहिता के परिजनों ने पति जावेद सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकरम बुरा हाल है। मृतक विवाहिता अपने पीछे अपने तीन बच्चे रोते बिलखते छोड़ गई जिसमे दो लड़की वह एक लड़का है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है शव पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का पता चल पाएगा। परिजनों द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 175619 वादों का निस्तारण

**जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश ने दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया**

**43729464 रूपए की धनराशि का हुआ सेटलमेंट**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 175619 वादों का निपटारा किया गया। इस दौरान चार करोड़,37 लाख, 29 हजार व 464 रूपए की धनराशि का सेटलमेंट किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में शनिवार को जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ कैराना स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन करके किया गया, जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारीगण तथा बैंक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव प्रतिभा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा 4 मामले, प्रधान न्यायाधीश-पारिवारिक न्यायालय द्वारा 48 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट विशेष शामली न्यायालय द्वारा 247 मामले, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश पोक्सो शामली द्वारा 3 मामले,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 5 मामले, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट शामली न्यायालय द्वारा 349 मामले, अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट कैराना द्वारा 926, सिविल जज सी डि एसीजेएम शामली द्वारा 709, सिविल जज सी डि एसीजेएम कैराना द्वारा 731,सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायायिक मजिस्ट्रेट शामली द्वारा 769,सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी शामली द्वारा 712, सिविल जज जूनियर डिवीजन कैराना द्वारा 855, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नम्बर 1 कैराना द्वारा 714 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद शामली स्थित समस्त न्यायालयों के द्वारा 6054 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 7497385 रुपये का सेटलमेंट किया गया। राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 168830 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया,जिसमें 59000 रुपए की धनरा. शि का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा बैंकों से सम्बन्धित 735 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 36173079 रूपए की धनराशि का सेटलमेंट हुआ। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शामली इंदर प्रीत सिंह जोश के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान 175619 वादों का निस्तारण किया गया,जिसमें कुल 4,37,29,464 रूपये की राशि का सेटलमेंट हुआ।

प्रभारी सचिव आंचल कसाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

**लोक अदालत में तीन वैवाहिक दंपतियों का कराया मिलाप**

जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश व प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय बिजेश शर्मा ने तीन वैवाहिक दंपतियों का पारिवारिक वादों का समझौता कराया। इस दौरान वैवाहिक दंपतियों ने एक दूसरे के गालों में मालाएं पहनाई और खुशी खुशी अपने घरों को रवाना हो गए।

## विधवा से मारपीट, पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** हाजीपुर दुगड्डा निवासी विधवा महिला खतीजा पत्नी हनीफ ने बताया कि उसके पड़ोस के जमशेद वह उसका पुत्र जैद पीड़ित से रंजिश रखते हैं। रंजिश में आए दिन पिता पुत्र पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार व गाली-गलौज करते रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि विगत शुक्रवार को पीड़ित अपने घर पर बैठी हुई थी तभी उसके पड़ोसी पिता-पुत्र पीड़िता के घर में घुस आए और आते ही गाली -गलौज करनी शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित विधवा महिला की तहरीर पर पिता-पुत्र के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा नेता के पुत्र से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** इस्लामपुर घसौली निवासी बदरू खान कई वर्षो से भाजपा का कार्यकर्ता है। भाजपा नेता बदरू खान ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत शुक्रवार को उसका पुत्र समद गांव के ही अपने साथी सुहेल के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव में आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी बाइक पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक युवक आए और आरो. पियों ने उसके पुत्र व उसके साथी को कस्बे के घसौली स्टैंड पर पकड़ लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने जाते-जाते तीन युवकों को पहचान लिया जो कि क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार उसका कई दिन पूर्व है एक युवक के साथ मोबाइल पर फोटो लगाने को लेकर विवाद हुआ था उसी रंजिश को लेकर आरो. पियों ने मारपीट की है। भाजपा नेता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी जनपद शामली की सभी 19 जिला परिषद वार्डों में अपने चुनाव चिन्ह (सिंबल) पर प्रत्याशी उतारेगी। बैठक को संबोधित करते हुए सहारनपुर कोर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिला परिषद चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी गरीब, नौजवान, व्यापारी, किसान और ग्रामीणों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद कर रहे हैं। अब समय है कि कांग्रेस की विचारधारा को हर गांव और हर वर्ग तक पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिका. रियों और कार्यकर्ताओं से आ]वान किया कि वे गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें और कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दें। ओमप्रकाश शर्मा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सभी 19 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारेगी और मजबूत कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। बैठक में बाबू खान, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, अश्वनी शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, आद. ेश कश्यप, लोकेश कटारिया, अश्वनी कौशिक, रविन्द्र आर्य, ईशु शर्मा, सो. हिल धीमान, साजिद सैफी, सुरेश पाल सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में जमीन संबंधी तीन प्रार्थनापत्रों में दो का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन के निर्देशानुसार थाना भवन थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवन क्षेत्र अधिकारी जितेंद्र सिंह यादव ने की। समाधान दिवस पर जमीन संबंधी कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित हल्का लेखपाल को पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। कार्यक्रम थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत, अपराध निरीक्षक राहुल सिसोदिया, लेखपाल जितेंद्र, भूपेंद्र, अंकुर, वासु कटारिया सहित हल्का इंचार्ज व राजस्व टीम सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### मोदी के जन्मदिन से बापू के जन्मदिन तक भाजपा चलाएगी सेवा पखवाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा युवा मोर्चा की संगठनात्मक जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी सिद्धार्थ युगल ने बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी। इसके अंतर्गत युवा मोर्चा 17 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा, जिसमें पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा मंडल स्तर पर मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान 21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आने वाले दिनों में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता परिश्रम और आपसी सहयोग से सेवा पखवाड़े के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान, जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजस्वी पवार, गौरव विश्वकर्मा, कौशिन्द्र पुंडीर, सन्नी शर्मा, सौरभ खैवाल, सचिन चौहान, पारस भारद्वाज, अंकित सैनी, वैभव शर्मा, अनुज धानिया आदि मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण के दौरान दो पक्षों में मारपीट एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बबलू ने बताया कि उनकी गली काफी दिनों से जर्जर हो गई थी जिस पर बरसात होते ही कीचड़ फैल जाता है। पीड़ित के द्वारा ग्राम प्रधान से मांग की गई थी कि सड़क बनवाई जाए। शनिवार को सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान द्वारा निधि से सड़क पर मिट्टी भराव का कार्य कराया जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी पड़ोसी मिंटू पक्ष के द्वारा सड़क बनाई जाने का विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित के द्वारा सड़क बनवाई जाने का हवाला देकर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# थाना आदर्शमंडी पुलिस पर किसानों का शोषण किए जाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू पदाधिकारियों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस पर किसानों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने पुलिस का घेराव करते हुए गंभीर आरोप लगाए है। कई मामलों में पुलिस पर कार्यवाही न करने और किसानों से ट्रेक्टर लूट के मुकदमे को चोरी में दर्ज करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को भाकियू के दर्जनों पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पहुंचे, जहां उन्होने पुलिस पर किसानों का उत्पीडन किए जाने और उनकी कोई सुनवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए दरा बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होने पुलिस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की और कई गंभीर आरोप लगाए। धरने को संबोधित करते हुए कपिल खाटियान ने बताया कि चरथावल के बिरालसी निवासी किसान सुधीर पुत्र राजपाल गत एक सितंबर को अपनी ट्रेक्टर ट्राली में मुंजी लेकर करनाल जा रहा था। शहर के सहारनपुर रोड़ स्थित साई मंदिर के निकट बदमाशों ने मारपीट करते हुए ट्रेक्टर लूट लिया था, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर बरामद किया था, लेकिन पुलिस ने मुकदमा चोरी में दर्ज किया।

जिससे किसान को कोर्ट कचेरी के चक्कर काटकर आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पडा। इसके अलावा कस्बा बनत निवासी राजबीर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह द्वरा इलाहबाद कोर्ट से जमीन पर कुर्रो से पूर्व की भांति जमीन पर कब्जा करने के आद. ेश दिए गए, लेकिन थाना आदर्शमंडी पुलिस झूठी शिकायत के आधार पर किसान की छह बीघा जमीन पर खेती नही करने दे रही है।

वही उन्होने बताया कि शामली के मौहल्ला रेलपार कुडाना रोड निवासी अक्षय निर्वाल पुत्र देवेन्द्र सिंह निर्वाल से 14700 रूपये की ऑन लाईन ठगी के मामले में पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया। उन्होने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी को भाकियू पदाधिकारी फोन करते है तो वह उनके साथ दुर्व्यावहार करते है और फोन नही उठाते है। भाकियू पदाधिकारियों के धरने के बीच एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अमरदीप मौर्य भी पहुंचे। जिन्होने किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। एएसपी ने आश्वासन दिया कि ट्रेक्टर लूट वाले मामले में धाराएं बढाई जाएगी, कुर्रे बंदी की जांच सीओ सिटी करेगे और किसान से ऑन लाईन ठगी के मामले में मुक. दमा दर्ज कर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही भाकियू पदाधिकारियों को हर थाने में सम्मान दिया जाएगा। जिसके बाद भाकियू पदाधिकारी शांत हुए और धरना खत्म कर दिया गया। धरने की अध्यक्षता बाबा रण कुमार व संचालन विदेश मलिक ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, गौतम पंवार, पुष्कर सैनी, गयूर अली, सतबीर मूछ, मांगेराम, देवराज पहलवान आदि मौजूद रहे।

# गुघाल में दंगल का पांचवा दिन, पहलवानों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर का ऐतिहा. सिक मेला गूगाल का दंगल पांचवें दिन पूरी रौनक पर रहा। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने अपने दमखम से दर्शकों का दिल जीत लिया। शाम 4 बजे से ही हजारों की भीड़ दंगल देखने पहुंची और दांव.पेंच पर तालियों की गूंज चारों ओर सुनाई दी।

इस दिन के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कई पहलवानों ने शानदार खेल दिखाया। अधिकांश कुश्तियां बराबरी पर छूटीं, वहीं एक बड़े मुकाबले में जीत का सेहरा बंधा। सौरव पहलवान दहा की कुश्ती नसीम पहलवान कैराना के साथ हुई जिसकी इनाम राशि 2100 रूपए थी और दोनो पहलवान बराबर रहे।

वक्कार पहलवान गंगोह उधम सिंह पहलवान दाहा के बीच इनाम 2100 रूपए के साथ हुई कड़े संघर्ष के बाद दोनो पहलवान बराबर रहे। मोईन पहलवान झाड़वान अंसार पहलवान गंगोह के बीच हुई जिसकी इनाम राशि 1500 रूपए थी जो बराबरी पर छूटी। जाकिर पहलवान जलालाबाद आकिल पहलवान दहा के बीच 1500 रूपए इनाम की कुश्ती हुई जो कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर छूटी।ग"यूर बापोंली बनाम किशन दहा 3100 रूपए इनाम के साथ हुई।ग"यूर बापोंली ने किसान दहा को कड़े संघर्ष में पछाड़कर जीत अपने नाम की और दर्शकों से जोरदार तालियां बटोरीं।मेले की कमेटी की ओर से सभी पहलवानों को नकद इनाम और सम्मान प्रदान किया गया। आयोजकों ने कहा कि मेला गूगाल का दंगल गांव.नगर की खेल संस्कृति का प्रतीक है और इसका उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ना है।



थानाभवन। दंगल में जोर-आजमाइश करते पहलवान। छाया शाह टाइम्स

# साल्हापुर यमुना में मिले शव का पांच दिन बाद किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीते आठ सितम्बर को साल्हापुर के यमुना तट पर मिले शव का पोस्टमार्टम के बाद शामली के एक एनजीओं द्वारा पुलिस की मौजूदगी मे अन्तिम संस्कार कर दिया गया। शव की पहचान नही हो सकी। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव साल्हापुर में बीतें आठ सितम्बर को यमुना नदी के तट पर लावारिश अवस्था मे नग्न शव मिला था। खेतो मे लकडी बीन्ने वाली महिलाओं ने नग्न शव के देखकर ग्रामीणों को सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही चौसाना व झिंझाना पुलिस के साथ फोरेंसिक की टीमें भी मौके पर पहुॅची थी और शव को पडताल करके पंचनामा भरा गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया था। शुक्रवार तक शव की पहचान नही हो सकी थी,जिसके बाद शामली के एक एनजीओ के सहयोग से पुलिस ने शव का अन्तिम संस्कार करा दिया। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि शव के सम्बंध मे कोई जानकारी नही मिली है। अलग अलग माध्यम से लापता लोगो के सम्बंध मे जानकारी जुटाई जा रही है। वही दूसरी ओर पुलिस के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नही हो सकी।

# स्कूल संचालकों की बैठक में यू-डीआईएसई पोर्टल-आरटीई मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** महाराजा अग्रसेन जूनियर हाई स्कूल, गढ़ी हसनपुर में स्कूल संचालकों की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य यू-डीआईएसई पोर्टल पर सभी आवश्यक जानकारी पूर्ण रूप से अपडेट करना, ड्रॉपबॉक्स को खाली करना और आरटीई पोर्टल से जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मीटिंग में उ0प्र0 मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ ईकाई ब्लॉक ऊन मे शामिल करीब बीस स्कूल संचालकों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता योगेश गौतम द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी स्कूल प्रतिनिधियों से अपील की कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर यू-डीआईएसई पोर्टल के सभी सेक्शन भरें, जिससे शिक्षा विभाग को आवश्यक आंकड़े समय पर प्राप्त हो सकें। साथ ही यह भी कहा गया कि ड्रॉपबॉक्स में अनावश्यक दस्तावेजों को हटाकर केवल आवश्यक काग. जात ही अपलोड करें ताकि सिस्टम की गति व संचालन में कोई बाधा न आए। आरटीई पोर्टल से संबंधित कई समस्याएं जैसे छात्रों का सत्यापन, पोर्टल पर गलत जानकारी, और भुगतान में हो रही देरी पर भी चर्चा की गई। संचालन समिति ने इन समस्याओं को जिलास्तर पर उठाने और समाधान हेतु एक ज्ञापन तैयार करने का निर्णय लिया। बैठक में संगठन की प्रगति, सदस्यता शुल्क की अदायगी और आगामी शैक्षिक सत्र की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया कि वे संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें।बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी प्रतिभागियों ने संगठनात्मक एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक महारा. जा अग्रसेन जू0हाई0 स्कूल से रामधन जी,गोल्ड की पब्लिक स्कूल संदीप सैनी,एसडीएम चौसाना से योगेश गौतम,आंचल मोहन गर्ग,जुगल किशोर खोडसमा,अश्वनी शर्मा लव्वा,रविन्द्र कुमार शामली शामला,जग रोशन शर्मा लक्ष्मीपुरा आदि मौजूद रहे।

## स्कूल-कॉलेज के बाहर चलाया एंटी रोमियो व साइबर जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाने की महिला कांस्टेबल के द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के बाहर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव और एंटी रोमियो कानून के तहत उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए और पंपलेट वितरित किए गए।महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने बताया कि यह अभियान सरकार की योजनाओं के अनुरूप चलाया जा रहा है, ताकि समाज में विशेषकर युवा वर्ग को सुरक्षित और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के उपाय भी समझाए गए।इस दौरान छात्राओं ने भी जागरूकता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि छात्राएं बिना भय के सुरक्षित रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकें।हेल्पलाइन नंबर एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की और बताया कि समय पढ़ने पर हेल्पलाइन नंबरों की मदद लेकर अपनी सुरक्षा कर सकती है।

## ट्रेक्टर रिपेयर को लेकर मारपीट और जातिसूचक गालियों की तहरीर पर पुलिस ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में एक व्यक्ति ने अपने साथ हुई मारपीट और जातिसूचक गालियों का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में तहरीर दी है। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

चौसाना निवासी संजय पुत्र चतर सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रेक्टर की रिपेयरिंग कराने के लिए नईम व फरमान निवासी चौसाना के पास गया था। वहां कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ गाली गलोच की और हाथापाई की। साथ ही उसे जातिसूचक अपशब्द कहकर अपमानित किया गया। प्रार्थी ने पुलिस चौकी चौसाना में तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। आरोपों की सत्यता का पता लगाया जाएगा। यदि आरोप सही पाए गए, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महिला को बचाने के चक्कर में ट्रक ने तोड़ी डिवाइडर की रेलिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** शनिवार सुबह कस्बे के बस अड्डे पर एक ट्रक एक महिला को बचाने को लेकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर से टकरा गया घटना से जहां बड़ी जनहानि होने से टल गई। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने चालक सहित ट्रक को पुलिस को सौंप दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक सुबह करीब साढे दस बजे गागलहेड़ी की ओर से एक 10 टायरा ट्रक स्टेट हाईवे होते हुए देवबंद की ओर जा रहा था । जैसे ही वह कस्बे के बस स्टैंड पर पहुंचा तो उसके सामने अचानक एक बुजुर्ग महिला आ गई। महिला को बचाने के चक्कर मे ट्रक अनियंत्रित हो गया और रेलिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर से टकरा गया। विदित हो कि कल भी इस स्थान पर एक डंपर की चपेट मे आकर एक वृद्ध की मौत हो गयी थी। बस स्टैंड स्थित हाइवे पर बना यह कट खूनी कट बनकर रह गया है । कस्बावासियों ने यहां पर अंडरपास की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लिया गया है।

# रामलीला मंचन की मांगी अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** कस्बे में रामलीला मंचन की अनुमति को लेकर महिलाओं समेत अनेकों लोग थाने पर पहुंचे और रामलीला मंचन को अनुमति देने की मांग की।

पुरानी रामलीला कमेटी से कई कलाकार अलग हो गए है जो अलग रामलीला मंचन करना चाहते है लेकिन उन्हें मंचन की अनुमति नहीं मिल रही है। भाजपा नेता प्रशांत चौधरी तथा रालोद नेता ब्रजवीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोग थाने पर पहुंचे तथा रामलीला मंचन की अनुमति देने की मांग की।

इस दौरान प्रशांत चौधरी और ब्रजवीर ने कहा कि रामलीला को लेकर प्रशासन आइडियल रुख अपना रहा है जो सही नहीं है। अनुमति लेने वाले कमेटी के सदस्यों को परेशान किया जा रहा है।

कई महिलाओं ने राम में आस्था को देखते हुए अपने गहने गिरवी रखकर मंचन का सामान खरीदा है। इसके बाद थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इसके लिए उन्हें एसडीएम नकुड तथा पुलिस क्षेत्र अधिकारी गंगोह से मिलना होगा। इस दौरान मांगेराम रोहिल्ला, रामकुमार सैनी, संदीप सैनी, सतीश सैनी, रणपाल सिंह, विकास कुमार, प्रेम कश्यप, मदनपाल, प्रणव, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

❑**तीतरों।** सरकार ने लोगों की परेशानी को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को सीयूजी नंबर दे रखे हैं ताकि सीयूजी नंबर पर कॉल कर समस्या बताई जा सके और उसका निराकरण हो सके लेकिन कमाल तो यह है कि पावर कारपोरेशन के स्थानीय जेई का सीयूजी नंबर कई महीने से बंद आ रहा है।

पिछले दिनों कई बार ऐसा हुआ कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति कई दिन तक ठप्प रही। उपभोक्ता परेशान रहे लेकिन पावर कारपोरेशन के स्थानीय कर्मचारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उपभोक्ता का शिकायत करें भी तो किसे करें और कैसे करे।

# वैश्य समाज का इतिहास रहा गौरवशाली: संजय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे मे आयोजित अग्रवाल, वैश्य समाज की एक बैठक मे पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि वैश्य समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है वर्तमान में भी वैश्य समाज सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है । लेकिन राजनीति के क्षेत्र मैं सामर्थ्यवान होने के बावजूद अभी बहुत पीछे है।

उन्होंने कहा कि आज से 5000 वर्ष पूर्व समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट-एक रुपया का नियम बनाकर नगर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का हक दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव के उपलक्ष में 22 सितंबर को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में वैश्य बंधु अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होकर अपनी एकता दिखाये । वैश्य अग्रवाल समाज नागल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने समाज को एकजुट रखते हुए मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षित कर दूर भेजने से पैसा तो आ रहा है लेकिन उसके घातक असर भी समाज में दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षित बेटियों में शराब व सिगरेट का बढ़ता क्रेज समाज को खोखला कर रहा है।

बैठक में मुख्य रूप से महावीर प्रसाद, सुनील गुप्ता, राजीव गोयल, देवेंद्र गोयल, सुनील सिंघल, मोहित गोयल, कपिल तायल, महामंत्री मनोज गर्ग, मुकेश महेश्वरी, पवन गोयल, तुषार गर्ग, नवीन गर्ग, अमित गर्ग, सचिन राठी, गौरव तायल, कुलदीप सिंघल, मुकेश बंसल, अरुण तायल, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप गर्ग, पंकज गुप्ता, श्रेष्ठ तायल. मुकेश गर्ग, सत्यम गोयल आदि उपस्थित रहे।

# आईआईएमटी में हिन्दी दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया, उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता, उपप्रधानाचार्य डॉ कमल कृष्ण , डॉ नेहा त्यागी व छात्र छात्राओं ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हमाद, द्वितीय स्थान दीबा, तृतीय स्थान कसक त्यागी ने प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम कार्तिक, वसीम, नेहा ,महक रहे और द्वितीय स्थान पर टीम सी नंदनी त्यागी, निशांत ,सक्षम, मीनाक्षी बीटेक रहे । भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर राधिका, साबीया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी दिवस पर संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने हिंदी के महत्वता को बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसको राष्ट्रीय भाषा का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखी गई हिंदी पर कविता को सुनाते हुए उसके बारे में बताया। प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन अमित परमार, रमन सिंह ,आफाक अहमद ने कराया। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# गोष्ठी में हिन्दी को अपनाने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में स्थित जनता इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी में हिंदी को अपने प्रचलन में लाने पर बल दिया गया।

शनिवार को जनता इंटर कॉलेज के प्रांगण में 76 वा राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र ने कहा कि हम सभी को अपने राष्ट्र के सम्मान के साथ-साथ राष्ट्र भाषा के रूप में हिंदी भाषा का व्यावहारिक भाषा के रूप में प्रयोग करना चाहिए, ताकि यह राष्ट्रभाषा हिंदी अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित की जा सके। कहा कि हमें हिंदी भाषा का प्रयोग इसकी शुद्ध वर्तनी में किया जाना चाहिए। किसी भी राष्ट्र के लिए उसकी राष्ट्रभाषा एवं उसकी संस्कृति सबसे महत्वपूर्ण होती है।

गोष्ठी के संचालक अरुण कुमार गौतम ने कहा कि 14 सितम्बर 1949 को भारतीय संविधान में राष्ट्र भाषा हिंदी को राज भाषा के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई थी। परन्तु अभी तक भी राष्ट्र भाषा हिंदी को उसका विशिष्ट स्थान नहीं मिल पाया है। राष्ट्र भाषा हिंदी पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर है,जिसे अंग्रेजी व चीनी भाषा के बाद लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगों बोला और समझा जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरपाल सिंह,रणजीत विश्वकर्मा, शिव कुमार, ऋषिपाल, योगेश त्रिपाठी, सोनू कुमार, आशीष बहुखंडी, प्रदीप चौधरी राजेश त्यागी, मोनू चौहान आदि ने राष्ट्रभाषा हिंदी का गौरव इतिहास तथा साहित्यकारों द्वारा इसके लिए किया गया प्रयासों के विषय पर विस्तार से बताया। इसके अलावा विद्यार्थियों में फातिमा, खुशनसीब, शिफा, रिया, आकांक्षा, सुधांशु, आयुषी, सादिया, फातिमा,मुदसिरा, अंजना, काशिफा खान आदि ने अपनी मातृभाषा के बारे में विचार रखें तथा इसे दैनिक जीवन में प्रयोग करने पर बल दिया

# परिवार न्यायालय से 18 वादों में पति पत्नी का समझौता



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह एवं अपर परिवार न्यायाधीश श्रीमती सपना शुक्ला की अध्यक्षता में मामलों की सुनवाई की गई।

इस दौरान कुल 213 वादों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत की विशेषता यह रही कि 18 वादों में पति-पत्नी ने आपसी समझौते से साथ-साथ जीवन बिताने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त वादों में 3,35,000 रुपये सेटलमेंट तथा 41,72,000 रुपये मेन्टेनेंस की राशि पक्षकारों को दिलाई गई। न्यायालय द्वारा त्वरित निस्तारण से पक्षकारों ने राहत की सांस ली और लोक अदालत के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रकृति परमात्मा की क्रिया शक्ति: संजय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** क्षेत्र के गांव दयालपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करते हुए संजय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रकृति ही परमात्मा की क्रिया शक्ति है ,भगवान को जो भी कार्य संसार में करना होता है तो प्रकृति को ही माध्यम बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि सृष्टि की उत्पत्ति और संहार का माध्यम जल ही है।भगवान श्रीकृष्ण की समस्त बाल लीलायें पर्यावरण संतुलन पर आधारित है। पर्यावरण संतुलन बिगडते ही प्राकृतिक आपदायें आने लगती है जिसका प्रमाण वर्तमान आपदाएं है। आज का मनुष्य भौतिकवाद की अंधी दौड में प्रकृति का विनाश कर रहा है जिससे बचना होगा अन्यथा मनुष्य का अस्तित्व संकट में है।

कथा के दौरान गोवर्धन लीला, कालिय नाग दमन, गोचारण लीला, मिट्टी भक्षण, रास लीला माखन चोरी आदि प्रसंग से साथ साथ रहना, खाना, खेलना और एक दूसरे के सुख दुख में साथ निभाने की शिक्षा प्रदान की गई। इस मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक अरूण जी ने युवा शक्ति को संगठित रहकर निस्वार्थ भाव से देश धर्म और समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

इस मौके पर मुख्य यजमान अनुराग सैनी, अक्षय सैनी, राहुल सैनी के द्वारा पंडित शाश्वत कौशिक व अर्पित वत्स ने विधिवत पूजन सम्पन्न कराया। मास्टर जोनी सैनी,संदीप ठेकेदार, नीरज। पंसारी, मांगेराम, डाक्टर मोनु सैनी, डाक्टर गौतम सैनी,पंकज सैनी आदि ने प्रसाद वितरण किया।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड में भारतीय जनता पार्टी की सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शनिवार को एस.डी इंटर कॉलेज पठेड में आयोजित बैठक में जिला मंत्री सोहन मुखिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा व संचालक मंडल महामंत्री सौरभ कांबोज ने किया। इस दौरान सोहन मुखिया ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है जो कि भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़े के रूप में मानती है। यह अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप आदि सेवा के कार्य संगठन के द्वारा किए जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता जायर हुसैन चांद, महामंत्री प्रवीण सैनी, मंडल मंत्री शशि राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कांबोज, रामनाथ धीमान, सेक्टर संयोजक अजय धीमान, कदम सिंह कोरी, अक्षय सैनी, अर्जुन कुमार, शरद वालिया, सेक्टर प्रभारी सुबोध धीमान, धूम सिंह सैनी, सागर, सचिन कांबोज, दीपक सैनी, अजय सैनी, मरगूब अंसारी, नादिया हसन, अली इमाम आदि सहित बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पुनरीक्षण करें: विजय

**बेहट।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचक नामावली मे नाम पता और फोटो सत प्रतिशत सही कराने को लेकर तहसील सभागार मे लेखपालों तथा राजस्व निरीक्षकों की मीटिंग ली गई।

शनिवार को अधीनस्थ कर्मचारियों की मीटिंग में तहसीलदार तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने कहा कि मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कर मतदाताओं के नाम पता और फोटो को दुरुस्त कर लिया जाए । निर्वाचन मतदाता सूची को शत प्रतिशत दुरुस्त कर लिया जाए लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मीटिंग में राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार, अशोक कुमार के अलावा प्रवीण यादव,रवि सैनी, शरब सिंह,शोएब खान, अंजुझा,आदि लेखाल मौजूद रहे।

# अपहरण मामले में वांछित आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने अपहरण के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, 12 सितंबर को वादी ने थाना फतेहपुर में तहरीर देकर शिकायत दर्ज की कि उनकी पुत्री को अंकित पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम बडकला, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर ने बहला-फुसलाकर भगा लिया। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 227/25, धारा 87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के निर्देशन में गठित पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक शुभम चौधरी और उपनिरीक्षक अनिल कुमार शामिल थे, ने आरोपी अंकित को भैसराऊ से अलावलपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

सहारनपुर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# समाधान दिवस में फरियादी की समस्या का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित समाधान दिवस के मौके पर पहुंचे मात्र एक फरियादी की समस्या का थाना प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

शनिवार को दिवसाधिकारी थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी की अगुवाई में पुलिस एवं राजस्व विभाग टीम की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस, राजस्व व नगर पंचायत कर्मी निर्धारित समय के बीच मौके पर मौजूद रहे, लेकिन दिन भर में मात्र एक फरियादी ही अपनी शिकायत लेकर थाना पहुँचा, जिसका प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी की अगुवाई में मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

दोपहर 2:00 बजे तक भी जब कोई अन्य फरियादी समाधान दिवस में अपनी समस्या लेकर नही पहुंचा तब निर्धारित समय पर समाधान दिवस का समापन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी, एसआई विनोद ढाका, अंकित कुमार, श्याम सिंह, राकेश सिंह, राजकुमार सारण, राजस्व निरीक्षक प्रदीप रोहिला, क्षेत्रीय लेखपाल सतीश चंद्र, विजेन्द्र चौहान, स्वाति शर्मा, विशाल कुमार, ऋचा उपाध्याय, शाईस्ता राव, शबनम खातून, सुनील कुमार व पंचायतकर्मी तनवीर मौजूद रहे।

❑**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज में जामिया हैप्पीनेस एमबेसेडर के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# अभद्र टिप्पणी करने पर दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष समुदाय के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

पुलिस द्वारा प्रेस को जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि उपनिरीक्षक प्रमोद गिरी को शान्ति व्यवस्था चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन के दौरान जानकारी हुई कि गौरव पुत्र रमेश निवासी मौहल्ला गंगाराम कस्बा रामपुर मनिहारान द्वारा दो समुदायों में शत्रुता एवं घृणा की भावना पैदा करने के इरादे से विशेष समुदाय के लोगों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई है। वीडियो के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अलावा तुषार पुत्र अनिल निवासी मौहल्ला मुस्तकान रामपुर मनिहारान को भी विशेष समुदाय के प्रति अभद्र टिप्पणी करने करने पर उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, एसएसआई सुरेश कुमार, एसआई आशीष कुमार व कॉन्स्टेबल विक्रांत शामिल रहे।

# एजुकोल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में शनिवार को 'हिंदी दिवस' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने दोहा, चौपाई, भाषण और कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

दोहा-चौपाई गायन प्रतियोगिता में ओलिविया हाउस, कोडिल्या हाउस, क्लोपैटरा हाउस और पोर्सिया हाउस की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में पारुल चौहान और मनोज कुमार ने छात्राओं के गायन का मूल्यांकन आरोह-अवरोह, लय और गति के आधार पर किया। ओलिविया हाउस ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा कृतिका राज ने किया। प्रधानाचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के प्रति प्रेम बनाए रखना और शुद्ध हिंदी का प्रयोग करना ही सच्चे अर्थों में हिंदी का सम्मान है। भाषा की शुद्धता से ही किसी भी क्षेत्र में पहचान और प्रसिद्धि मिलती है।

## किशोरी बरामदगी की मांग

**तीतरों।** क्षेत्र निवासी एक किशोरी घर से गायब हो गई। किशोरी की बरामदगी को लेकर गांव के सैकड़ो लोग थाने पर पहुंचे। किशोरी को ले जाने का आरोप दूसरे समुदाय के युवकों पर लगा है।

तहरीर के अनुसार क्षेत्र गांव निवासी एक किशोरी रात के समय घर पर सोई हुई थी। इसी बीच दूसरे गांव के तीन युवक घर में घुसे और उसकी बेटी का अपहरण कर ले गए। सुबह होने पर बेटी को कई जगह पर तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। जानकारी करने पर पता चला कि उसे युवक ले गए हैं। लड़की का पिता और भाई जब आरोपी युवकों के घर पहुंचे तो उल्टे उनके साथ मारपीट की गई। लड़की के बारे में जानकारी मिलने के बाद आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता गांव में पहुंचे। आजाद समाज पार्टी के नेतृत्व में दोपहर के समय गांव के सैकड़ो लोग थाने पर पहुंचे और थाना अध्यक्ष से मिले।


## कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर

पत्रांक 1810/जि०प० / मेला/2025-26, दिनांक:- 12.09.2025

**अति अल्पकालीन सार्वजनिक नीलाम सूचना मेला माँ श्री शाकम्भरी देवी वर्ष 2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेला अवधि दिनांक 22.09.2025 से 07.10.2025 तक के लिये कार्यालय विज्ञप्ति पत्रांक 1482 दिनांक 26.08.2025 के द्वारा दिनांक 09.09.2025 व दिनांक 10.09.2025 को थलो का ठेका (एक मुश्त) निविदा/ नीलाम हेतु समाचार पत्रो में प्रकाशित एवं वैबसाईट पर प्रदर्शित कराई गयी थी। उक्त दिनांको मे किसी भी व्यक्ति / ठेकेदार द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया इसलिए पुनः दिनांक 16.09.2025 दोपहर 12:00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर में तालिका में अंकित कार्य का सार्वजनिक नीलाम किया जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निर्धारित बोली | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | तहबाजारी का मुख्य द्वार से लोहे के पुल (मुख्य मन्दिर) तक आरक्षित थलो तथा संस्थाओं हेतु आरक्षित स्थान को छोडकर एक मुश्त ठेका | 51,65,000 | 1000000-00 |

ठेकेदार को अपनी बोली की धनराशि का अधिनियम के अन्तर्गत 18 प्रतिशत जी०एस०टी० अतिरिक्त जमा करनी होगी। साथ ही धरोहर धनराशि की राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर०, जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम में बन्धक, हो जमा करनी होगी तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रदत चरित्र प्रमाण पत्र, स्थाई पते का प्रमाण पत्र, दो फोटो, पैन नम्बर आदि प्रमाण पत्र नीलाम से पूर्व कार्यालय जिला पंचायत सहारनपुर में अनिवार्य रूप से जमा करने होगें। अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त सूचना www.saharanpur.nic.in की वैबसाईट पर प्रदर्शित की गई है। उक्त तिथि में नीलाम सम्पन्न नही होता है तो उक्त नीलाम प्रतिदिन कार्य दिवसो में यथा समय / स्थान पर किया जायेगा। अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

(चन्द्रवीर सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, सहारनपुर

(मा० मांगेराम चौधरी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, सहारनपुर

# छात्रों व ग्रामीणों ने कॉलेज के बाहर किया प्रदर्शन

## भायला पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज एवं भायला इंटर कॉलेज का नहीं रुक रहा विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भायला पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज एवं भायला इंटर कॉलेज विवादों में घिरा हुआ है। कॉलेज के छात्र व अभिभावक प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कई बार कॉलेज के बाहर प्रदर्शन कर चुके हैं। शनिवार को भी छात्रों और ग्रामीणों ने दोगुनी फीस वसूले जाने समेत अन्य आरोप लगाते हुए कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया।

तहसील क्षेत्र के गांव भायला स्थित भायला पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज और भायला इंटर कॉलेज के छात्र और उनके अभिभावकों ने शनिवार को कॉलेज गेट के बाहर प्रदर्शन किया। ग्रामीण अश्विनी पुंडीर का आरोप है कि कालेज प्रबंधन द्वारा छात्रो का शोषण कर उनसे दोगुनी फीस वसूली जा रही है। इतना ही नहीं लाइब्रेरी की सुविधा न होने के



बावजूद भी इसके नाम पर भी रुपये ऐंठने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनने को भी तैयार नहीं है। उन्होंने भायला पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज और भायला इंटर कॉलेज का संचालन करने वाली दी शिक्षा विकास समिति की बैठक बुलाए जाने की भी मांग की। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान भी प्रबंधन से नाराज छात्र और अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया था। प्रदर्शन करने वालों में जसवंत राणा, गोविंद राणा, मनोज राणा, मनीष पुंडीर, अंकित राणा, शुभम राणा, भानू राणा आदि शामिल रहे। वहीं, कॉलेज समिति के अध्यक्ष ठा. श्याम कुमार रावत ने प्रबंधन पर लगाए जा रहे सभी आरोपों को बेबु. नियाद बताया। कहा कि अगले माह प्रबंध समिति के चुनाव है। उक्त लोग चुनाव का सामना करने के बजाए संस्था को बदनाम कर रहे हैं।

# यूनानी चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में किए अमूल्य कार्यों के लिए डा. अनवर सईद को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष एवं जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डायरेक्टर डा. अनवर सईद को यूनानी चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में किए जा रहे अमूल्य कार्यों के लिए कानपुर में सम्मानित किया गया है।

डा. अनवर सईद कानुपर देहात के अकबरपुर में 50 शैया एकीकृत आयुष चिकित्सालय में आयोजित अपने सम्मान समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार यूनानी चिकित्सा पद्धति के उत्थान के लिए हर संभाव कार्य कर रही है। ताकि यूनानी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिल सके। कानुपर देहात के अकबरपुर में 50 शैया एकीकृत आयुष चिकित्सालय की स्थापना



इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जिस प्रकार आयुष चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन मिल रहा है, इससे प्रतीत होता है कि लोगों में आयुष पद्धति को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार और आयुष मंत्रालय से मांग की कि कानपुर की तरह ही प्रत्येक जनपद में कम से कम 50 शैयाओं का एक एकीकृत चिकित्सालय खोला जाए, जिसमें सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हों।

# आकांक्षाओं की पूर्ति से मिलता है सुख व संतोषः महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने वामन अवतार और नरसिंह भगवान की कथा का वर्णन किया। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समेत कई भाजपा विधायक भी गांव पहुंचे और महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कथा का रसपान किया।

रणखंडी गांव में चल रही कथा में रसिक महाराज ने कहा कि आकांक्षाओं की पूर्ति में निसंदेह सुख और संतोष है, इसे पाकर मनुष्य को आनंद और उल्लास की अनुभूति प्राप्त होती है। कहा कि असुर राजा बलि के बढ़ते आततायी शासन को समाप्त करने और देवलोक को पुनः प्राप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने



वामन के रूप में अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्षमता व योग्यता को बढ़ाना तथा आवश्यक साधनों को जुटाना अनिवार्य है। कहा कि मनस्वी व्यक्ति धैर्य, साहस, पुरुषार्थ और संतुलन का आश्रय लेकर कठिन मार्ग को पार करते हैं। जबकि उथले और

श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए शनिवार को प्रदेश की योगी सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति के अलावा रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, गंगोह विधायक कीरत सिंह भी पहुंचे और कथा का रसपान करते हुए नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज का आर्शिवाद प्राप्त किया।

अधीर मनुष्य जरा सा विलंब होते ही असफलता की घोषणा कर देते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह पुंडीर ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, गंगोह विधायक कीरत सिंह, ग्राम प्रधान पति प्रमोद राणा, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, अमरीश राणा, सुधीर राणा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

# किसानों की पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान

**देवबन्द।** किसान सेना (अराजनैतिक) की आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही 17 सितम्बर को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर हरिद्वार से दिल्ली जाने वाली पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

सांपला खत्री गांव में हुई बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष नवाब अली ने कहा कि विद्युत निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध और गन्ना मूल्य 500 रुपये क्विंटल घोषित कराने समेत अन्य मांगों को लेकर यह पदयात्रा निकाली जा रही है। भारी संख्या में किसान हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए दिल्ली पहुंचेंगे और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर सभी समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार के निर्देशानुसार गांव-गांव में जनसंपर्क कर पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। अध्यक्षता अकील हसन व संच.



ालन नबील गौर ने किया। अमजद प्रधान, कादिर, नफीस, अंकुर चौधरी, मास्टर रणबीर, मुर्सलीन, गौरव यादव, राजेश नागर, संत कुमार, ओम सिंह व प्रवीण आदि किसान शामिल रहे।

# दो दिवसीय जॉयफुल मेथमेटिक्स कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एस०डी०पब्लिक स्कूल में गणित विषय को अधिक रोचक बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 6 से 10 तक के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एस०डी०पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या श्रीमती भारती तिवारी, रिर्सोस पर्सन अरविंद कुमार विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलन करने के उपरांत कहा कि गणित केवल अंकगणित नही बल्कि तार्किक और रचनात्मक सोच का आधार है। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन अरविंद कुमार विश्वकर्मा एक अनुभवी एवं समर्पित गणितज्ञ और शिक्षक हैं। वे वर्तमान में सेंट मेरीज एकेडमी (कॉन्वेंट), सहारनपुर में वरिष्ठ



प्रवक्ता (गणित) एवं शैक्षणिक समन्वयक के रूप में कार्यरत है। अरविंद कुमार को 22 वर्षो से अधिक शिक्षण कार्य का अनुभव प्राप्त है। गणित को अकसर विद्यार्थी कठिन और नीरस विषय मानते है, लेकिन यदि इसे सही तकनीक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पढाया जाए तो यह सबसे रोचक विषय बन सकता है। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि कठिन अवधारणाओं को भी सहज भाषा और अनुभवात्मक पद्धति के माध्यम से छात्रों तक पहुचायाँ जा सकता है। श्री अरविंद कुमार जी ने यह भी बताया कि श्जॉयफुल लर्निंगश से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और गणित के प्रति रूचि बढ़ती है।

अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये और इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन शिक्षकों को नई शिक्षण शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते है जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास होता हैं। अंत में विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सैना एवं प्रधानाचार्य श्रीमती भारती तिवारी ने रिसोर्स पर्सन अरविंद कुमार एवं हर्ष सहदेव का आभार व्यक्त किया।

# केएस में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी में इंटर हाउस हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। जिसमें जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जूनियर वर्ग का विषय 'समाज और चरित्र' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने समाज में चरित्र के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और यह स्पष्ट किया कि चरित्र ही किसी भी व्यक्ति की वास्तविक पहचान होती है। सीनियर वर्ग का विषय 'ए.आई.' (Artificial Intelligence) रहा। जिस पर प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष दोनों में गहन दृष्टिकोण रखते हुए ए.आई. के लाभ एवं हानियों पर विस्तार से



चर्चा की।

प्रतियोगिता के परिणाम में जूनियर वर्ग में एयर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसकी इंचार्ज शिवानी चौधरी रहीं, द्वितीय स्थान फायर हाउस को मिला, जिसकी इंचार्ज रेनुका गौतम थीं तथा तृतीय स्थान वॉटर हाउस को मिला जिसकी इंचार्ज पारुल मेहरा रहीं। वहीं सीनियर वर्ग में फायर हाउस प्रथम, अर्थ हाउस द्वितीय तथा एयर हाउस तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शिफा मैम और चंचल मैम ने निष्पक्षता के साथ किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य इन्द्रपाल सिंह ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं और दोनों विषयों पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी देकर उनके ज्ञान में वृद्धि की।

# गुलदारों के आतंक को लेकर प्रशासन गंभीर

### सीडीओ ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित सभागार में जिले में गुलदार से सम्बन्धित मुद्दों पर बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएफओ, एसडीओ तथा सभी रेंजर्स उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि गुलदार की बढ़ती सक्रियता के दृष्टिगत ब्लॉक कोतवाली, नजीबाबाद व अफजलगढ़ क्षेत्रों में 30 और पिंजरे खरीदे जाएंगे तथा सभी विद्यालयों के शिक्षकों को गुलदार से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी, सुरक्षा एवं बचाव आदि के बारे में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात शिक्षक अपने-अपने



विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी ग्राम प्रधानों के साथ गुलदार के हमलों से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित पहले जूम बैठकें आयोजित की जाएंगी, तत्पश्चात ब्लॉकवार बैठकों का आयोजन कर प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को भी प्रतिभागी बनाया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी श्री बोरा ने यह भी बताया कि जिले के अति संवेदनशील 70 प्राथमिकता वाले सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों में सोलर लाइट, फेस मास्क, ब्लिंकिंग लाइट, शौचालय संतृप्ति, कूड़ा निस्तारण तथा ग्राम चौपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में वन विभाग के साथ यथासंभव समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए ताकि गुलदार के आतंक को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। बैठक में डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि आबादी के पास गन्ने की फसलें खड़ी होने के कारण घटनाएं बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कृषकों का आह्वान किया कि आबादी के करीब अपने खेतों में गन्ने की फसल के स्थान पर अन्य फसलों की खेती का उत्पादन करें ताकि गुलदार को छुपने के लिए स्थान न मिले।

# आरएसएम के छात्रों ने परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर संकाय के छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की प्रवेश परीक्षा एआईईईए में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर संस्था एवं जिले का नाम रोशन किया है।

छात्रा खुशी गुप्ता ने भौतिक विज्ञान समूह (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन) में संपूर्ण भारत स्तर पर 16वीं रैंक प्राप्त की है। इसी प्रकार कुणाल चौधरी ने 129वीं रैंक तथा आमिर खान ने शस्य विज्ञान समूह में 262वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं आशीष कुमार, सुमित कश्यप, श्रुति अग्रवाल, दिवेश, वंदना अन्य छात्रों ने भी शस्य विज्ञान समूह में परीक्षा उत्तीर्ण की। कृषि संकाय के शिक्षकों ने बताया कि इन छात्रों ने निरंतर कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह सफलता प्राप्त की है। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने सफल अभ्यर्थियों के लिए कामना की। कृषि संकाय के प्राध्यापक डा. रवि धनकड़ ने बताया कि आईसीएआर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।

## एएसपी नगर ने पेट्रोल पंपों पर पकड़ी कमियां

**बिजनौर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं यातायात प्रभारी ने कल बिना वर्दी के सामान्य कपड़ों में बाइक पर यातायात उपनिरीक्षक के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंच कर बड़ी कमियां पकड़ी। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा पाया गया कि कुछ पेट्रोल पंपों पर कर्मचारी बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध करा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि ऐसे पेट्रोल पम्प संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे है।

## लोडेड वाहनों के लिए भी खुला बैराज रोड

**बिजनौर।** रावली तटबंध के क्षतिग्रस्त होने से आठ सितंबर की रात को बंद किया गया बैराज रोड भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया। जिससे ट्रांसपोर्टरों ने राहत की सांस ली। गत सोमवार आठ सितम्बर की दोपहर तटबंध पर बढ़ते रिसाव और कटान के खतरे को देखते हुए पहले बड़े वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। देर शाम होते-होते स्थिति गंभीर होने पर प्रशासन ने छोटे वाहनों पर भी पूरी तरह रोक लगा दी थी। हालांकि तटबंध की स्थिति में सुधार होने और पानी का रिसाव थम जाने के बाद अगले दिन मंगलवार की सुबह पुलिस प्रशासन ने छोटे वाहनों पर रोक लगी रही। तटबंध मुकम्मल होने और बाढ़ का खतरा टल जाने पर शुक्रवार की देर शाम भारी वाहनों के लिए बैराज रोड खोल दिया गया। बैराज रोड खुलने से ट्रांसपोर्टस ने राहत की सांस ली।

# विधि छात्रों ने किया लोक अदालत का भ्रमण

**बिजनौर।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विधि छात्र छात्राओं ने जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही को देखा तथा लोक अदालत द्वारा अपनाये जाने वाली प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। महाविद्यालय प्रबंधक निद. शक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने विधि विद्यार्थियों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर की ओर रवाना किया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता शिव कुमार ने कहा कि आपसी समझौतों के द्वारा वादों के



निस्तारण में विधि विद्यार्थियों को अहम भूमिका हो सकती है। इसलिए विधि विद्यार्थियों को इस प्रकार की कार्यवाहियों में शत-प्रतिशत भागीदारी करनी चाहिए। विधि विद्यार्थियों को लोक अदालत की स्थापना एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों से भी अवगत कराया।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विधि के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया।

## भाई की बाइक में लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला बुखारा में आज सनसनीखेज घटना को अंजाम दिखा गया। आमिर ने दुकान के बाहर खड़ी बड़े भाई दानिश की बाइक में आग लगा दी। आग लगने के बाद दानिश की बाइक धूं-धूं कर जल उठी। मौके पर भीड़ लग गई। बताया जाता है कि आमिर नशे का आदि है। वह आग लगा कर फरार हो गया। भीड़ ने बामुश्किल आग को पानी डाल कर बुझाया। गनीमत रही कि दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ।

## सांड के हमले से किसान घायल

**सहसपुर।** मौहल्ला अफगानान निवासी आरिफ पुत्र रशीद जंगल अपने खेत पर काम कर रहे थे। इतने में पीछे से एक सांड ने आकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको धामपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौहम्मद आदिल पुत्र नसीम पहलवान ने बताया कि जब उन्होंने आरिफ की चीखे सुनी, तो सांड आरिफ को उठा-उठा कर मार रहा था तभी उन्होंने जंगल में पास में ही रहने वाले अनीस और कुछ लोगों के साथ मिलकर भगाया। किसी तरह से आरिफ को बचाया। नागरिकों ने बताया कि यह सांड बहुत दिन से परेशान कर रहा है और कई लोगों को घायल कर दिया है। नागरिकों ने अधिकारियों से सांड को पकड़वाने की मांग की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मीनाक्षी, जैस्मीन और नूपुर फाइनल में

**लिवरपूल, वार्ता।** जैस्मीन (57 किग्रा) ने वेनेजुएला की ओमैलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5-0 से हराकर लिवरपूल में 2025 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गई हैं। जैस्मीन के बाद नूपुर (80 किग्रा) ने तुर्की की दुजतास सेयमा को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की कामयाबी के बाद मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मंगो. लिया की लुत्सैखान को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### महाराज ग्रोइन चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैचों से बाहर

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को घोषणा की। महाराज को ग्रोइन में चोट लगी है। 30 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, जिन्होंने आखिरी बार सितम्बर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था, को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### साल्ट के विस्फोटक 141 रन, इंग्लैंड की रिकॉर्ड जीत

**मैनचेस्टर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड का मुकाबला रिकॉर्ड तोड़ने वाले तमाशे में बदल गया, जहां बाउंड्रीज की बरसात हुई, कई यादगार पल टूटे और इतिहास की किताबें पल-पल बदलती रहीं। मेजबान टीम ने शुक्रवार रात 304/2 का स्कोर बनाया, जो पुरुषों के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा बनाया गया।

**● दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय लिखा जाएगा आज ●**

# भारत-पाक के बीच आज होगा महासंग्राम

**दुबई, वार्ता।** भारत-पाक मैच में कुछ खास होता है। दिन भर उत्सुकता धीरे-धीरे बढ़ती है, और जब तक खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तब तक माहौल उम्मीदों से भर जाता है।

रविवार शाम, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, प्रशंसक इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय देखेंगे, और यह मुकाबला कौशल और साहस दोनों से ही गढ़ा हुआ होने का वादा करता है। भारत के लिए, ध्यान उनकी गेंदबाजी पर होगा। कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज के रूप में परिपक्व हो गए हैं जिनके पास असाधारण नियंत्रण और विविधता है। यूएई के खिलाफ उनका स्पैल इस बात की याद दिलाता है कि धैर्य के साथ कलाई की स्पिन कितनी प्रभावी हो सकती है। वरुण चक्रवर्ती बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की पहेलियां लेकर आते हैं, और अक्षर पटेल की निरंतर सटीकता उनकी चतुराई का पूरक है। दूसरी तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, एक ऐसा गेंदबाज जो पारी के हर चरण में अपने कप्तान को विकल्प देता है-नई गेंद से, बीच के ओवरों में, और आखिरी क्षणों में जब दबाव में स्पष्टता की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

भारत की बल्लेबाजी भी कम आशाजनक नहीं है। युवा अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बढ़त हासिल करने की क्षमता दिखाई है, जबकि शुभमन गिल का शांत स्वभाव दूसरे छोर पर आश्वस्त करने वाला है। सूर्यकुमार यादव अपने स्ट्रोक्स की विविधता के साथ एक बार फिर टीम की धुरी होंगे, जिनका साथ तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल देंगे। यह एक ऐसा लाइनअप है जो परिस्थिति के अनुसार




ढल सकता है, चाहे इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत हो या अचानक तेजी की। पाकिस्तान अपनी तांकतें लेकर आएगा। फखर जमान में बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, और सैम अयूब का क्रीज पर संतुलन उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। मोहम्मद हारिस मध्यक्रम में एक ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद भारत की प्रगति को धीमा करने में सक्षम हैं, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ गति और लस्वग से खतरनाक बने हुए हैं। दुबई की पिच अक्सर उन लोगों को फ़ायदा पहुंचाती है जो इसे समझने में समय लगाते हैं। शुरुआत में, गेंद तेज गेंदबाज़ों के लिए थोड़ी हिल सकती है, लेकिन एक बार सतह स्थिर हो जाने पर, स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। अगर स्पिनर अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें अपने काम में मजा आएगा, और हमेशा की तरह, ओस की संभावना कप्तानों को पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सावधानी से सोचने पर मजबूर करेगी। इन दोनों टीमों के बीच मैच शायद ही कभी सीधे होते हैं। एक पल की चमक या एकाग्रता की कमी खेल की दिशा बदल सकती है। अपनी गेंदबाजी में अनुभव और विविधता के साथ, भारत थोड़ी बढ़त के साथ शुरुआत करता है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में, और खासकर इस मुकाबले में, भविष्यवाणियां हमेशा अनिश्चित होती हैं। प्रशंसक इस बात को लेकर निलश्चत हो सकते हैं कि कल की शाम उन्हें उस खेल का आनंद लेने का एक और कारण देगी जिसे वे सभी पसंद करते हैं, जो कौशल, तीव्रता और आपसी सम्मान के साथ खेला जाता है।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेविन:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दुबे, पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप, बुमराह, वरुण

**पाक की संभावित प्लेइंग इलेविन:**-सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ/सुफियान मुकीम, अबरार अहमद



## स्वर्ण पदक से एक जीत दूर सात्विक-चिराग

हांगकांग, वार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ली-निंग हांगकांग ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जो इस साल का उनका पहला फाइनल है। स्मैश ब्रदर्स की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन लबग-वेई को केवल 38 मिनट में 21-17, 21-15 से हरा दिया। भारत की दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता जोड़ी अब फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से भिड़ेगी। भारतीय जोड़ी अब स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर रह गयी है।

## नई पीढ़ी के सामने पुराना रोमांच पैदा करने की चुनौती

**● दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान पर उतरेंगी, पिछले कुछ सालों में भारत ने पाक पर अपना दबदबा बना रखा है**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा मैच भारत बनाम पाकिस्तान आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की है।

भारत ने अपने पहले मैच में यूएई टीम को 9 विकेट से हराया है तो पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में ओमान टीम के खिलाफ 93 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान में उतरेंगी। पुराने दिग्गज जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा पाकिस्तान के तरफ से बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान इस बार खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा हाई वोल्टेज मुक़ाबले देखने को मिले है लेकिन पिछले कुछ सालों में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर दबदबा बनाए रखा है। यह दोनों टीमें इस साल चैंपियन ट्रॉफ़ी के बाद फिर से आमने-सामने होगी। दोनों टीमों की कोशिश टूर्नामेंट में अपनी दूसरी दर्ज करने के ऊपर रहेगी। भारत बनाम पाकिस्तान के बीच खेले गए पिछले 10 मैचों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर अपना दबदबा कायम रखते हुए 7 मैच जीते हैं।

### इन पर रहेंगी नजरें

अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में दिखाया था कि वह किस कदर की आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। अभिषेक के आने से भारतीय टीम के प्रदर्शन में और भी अधिक सुधार आया है। वह टीम के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के नए तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पर भी नजरें होंगी।

शुरुआती कुछ मैचों में ही उन्होंने दिखाया है कि वह बेहद ही आक्रामक बल्लेबाजी करने का हुनर रखते हैं। बतौर विकेटकीपर भी वह टीम के लिए अहम योगदान देते दिखे हैं।

### मौसम और पिच रिपोर्ट

एशिया कप का यह हाई वोल्टेज मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैच में मौसम थोड़ा गर्म रह सकता है। तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है तथा ह्यूमिडिटी 61प्रतिशत तक रहेगी। इस मैच में बारिश होने की संभावना काफी कम है। कुल मिलाकर एक टी-20 मैच के लिए अच्छा वातावरण है। इस मैदान पर अभी तक खेले गए मैचों में पिच काफी संतुलित नजर आई है। स्पिनर्स ने इस पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच इसी मैदान पर खेला है, जिसमें कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए थे। पाकिस्तान टीम ने भी ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच दुबई मैदान पर ही खेला है। दोनों टीमों को पिच और मैदान के बारे में पर्याप्त जानकारी है। भारतीय टीम ने चैंपियन ट्रॉफ़ी में भी अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेले थे जिससे टीम को इस मैच में फायदा मिल सकता है।

## पेरेज और डनफी ने टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

**● महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने 35 किमी. पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में स्पेन की एथलीट मारिया पेरेज ने 35 किलोमीटर पैदल चाल का अपना खिताब बरकरार रखा है तथा पुरुष वर्ग की इसी स्पर्धा में कनाडा के धावक इवान डनफी ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। 34 वर्षीय डनफी दौड़ के शुरुआती चरणों में धैर्यपूर्वक पीछा करने वाले समूह में बने रहे और 30 किलोमीटर के बाद मसातोरा कवानो और हयातो कात्सुकी की अग्रणी जापानी जोड़ी को पछाड़कर मेजबान टीम की नौ दिवसीय टूर्नामेंट में स्वर्णिम शुरुआत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जापान नेशनल स्टेडियम में हुई इस स्पर्धा में आखिरी लैप में यह कनाडाई धावक थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन जल्द ही उसने स्वयं को संभाला और आगे बढ़ता गया और दो घंटे, 28 मिनट और 22 सेकंड में फिनिश लाइन को पार किया। ब्राजील के कैओ बोनफिम ने भी जापानी जोड़ी को पीछे छोड़ते हुए 2:28:55 का समय लेकर रजत पदक जीता, उनके बाद एशियाई खेलों की चैंपियन कात्सुकी ने 2:29:16 का समय लेकर कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। इटली की एंटोनेला पाल्मिसानो, तीन मिनट से अधिक पीछे रहकर 2:42:24 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

## ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता सोना

**ईशा ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया**

**निंगबो, वार्ता।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेजबान चीन की पसंदीदा और फॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0-1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरुआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है। आगे की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि इस साल का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है।

हम उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि काहिरा में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। फाइनल के दौरान मानसिकता पर बात करते हुए ईशा बोलीं कि हां, मुझे पता था कि भारत को अब तक कोई पदक नहीं मिला है और मुकाबले में विश्व स्तरीय निशानेबाज हैं। लेकिन मैं इन खिलाड़ियों के खिलाफ कई बार फाइनल खेल चुकी हूं और अब मुझे विश्वास है कि पिस्टल मेरे हाथ में है और असली लड़ाई मेरी खुद के साथ है। इसलिए मैं मैच को ज्यादा से ज्यादा एंजॉय करने की कोशिश करती हूं। ईशा और रिदम सांगवान ने 578 अंक बनाकर महिलाओं की एयर पिस्टल फाइनल के अंतिम दो स्थान हासिल किए। याओ चियानसुन 584 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, केवल रैंकिंग अंक के लिए खेल रही एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक गुलिया ने शानदार 586 अंक बनाए, जो सभी से बेहतर था। भारत की तीसरी प्रतिभागी सुरभि राव 568 अंक बनाकर 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में ईशा और रिदम ने अच्छी शुरुआत की। पहले पांच शॉट के बाद रिदम शीर्ष पर थीं और ईशा दूसरे स्थान पर, जबकि हंगरी की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वेरोनिका मेजर पीछा कर रही थीं। दूसरी सीरीज के बाद ईशा 0-2 अंकों की बढ़त से शीर्ष पर आ गईं। रिदम पांचवें स्थान पर खिसक गईं और अंत तक उसी पर रहीं। सिंगल शॉट शुरू होने पर दबाव का असर ओलंपिक चैम्पियन ओ येजिन पर भी दिखा जब उन्होंने 11वें शॉट पर निचले 8 अंक लगाए। 12वें शॉट के बाद चीन की 19 वर्षीय ज़ेंग सबसे पहले बाहर हुईं। ईशा ने 13वें शॉट पर 10-8 का सटीक निशाना लगाया। रिदम ने भी 15वें शॉट पर 10-8 मारकर कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर चढ़ाई की, लेकिन 18वें शॉट तक पहुंचते-पहुंचते उनका अभियान समाप्त हो गया। अंतिम छह शॉट्स में ईशा 1-1 अंकों से आगे थीं, लेकिन 19वें शॉट के बाद याओ ने अंतर घटाकर 0-6 कर दिया। ईशा ने दबाव झेलते हुए लगातार दो 10-7 लगाए और अंत तक 0-1 अंक की नजदीकी बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 242-6 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा, पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में, भावेश शेखावत 575 अंकों के साथ 22वें स्थान पर रहे। उनके हमवतन प्रदीप सिंह शेखावत भी समान स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहे।



## नवनीत कौर ने 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की



**हांगझोऊ, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर को महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ सुपर 4 मैच में 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

नवनीत वर्तमान में चल रहे महिला एशिया कप 2025 में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 जूनियर महिला विश्व कप में जूनियर टीम को कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद 2014 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। तब से वह भारतीय महिला हॉकी टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर बड़े वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रमंडल खेलों में नवनीत ने बर्मिंघम में 2022 संस्करण में भाग लिया, जहां उन्होंने भारत को कांस्य पदक दिलाने में मदद की। वह एशियाई खेलों में टीम के यादगार अभियानों का भी हिस्सा थीं, जहां उन्होंने 2018 में जकार्ता-पालेमबांग में रजत पदक और 2022 में हांगझोऊ में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा नवनीत उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने काकामिगाहारा में 2017 महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक और बाद में मस्कट में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

## क्रिकेट के अलावा हमारे दिमाग में कुछ भी नहीं है: कोटक

**दुबई, वार्ता।** भारत बनाम पाकिस्तान मुक़ाबले पर हमेशा लोगों को ज्यादा ध्यान रहता है, लेकिन एशिया कप 2025 में इन दोनों देशों के मुकाबले से दो दिन पहले तक फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि बीसीसीआई और सरकार की अनुमति के बाद ही हम खिलाड़ी और कोच इस मुक़ाबले के लिए तैयार हैं। हम यहां खेलने के लिए आए हैं। यह एक टक्कर का मैच होगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा टक्कर का होता है। तो हम उसी पर फोकस करना चाहेंगे। शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र से पहले कोटक से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ मैचों का बहिष्कार करने की बातों के बीच सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देना मुश्किल होता है? भारत और पाकिस्तान के बीच राजनी. तिक रिश्ते तनावपूर्ण हैं, जो हाल के महीनों में और बिगड़े हैं। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया था। कोटक ने कहा कि सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। जब हम खेलने आते हैं, मुझे लगता है कि खिलाड़ी सिर्फ़ क्रिकेट खेलने पर फ़ोकस करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दिमाग में क्रिकेट के अलावा कुछ और होता है और हम भी उसी पर फ़ोकस करते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा भारत के बल्लेबाजी क्रम का है और सवाल है कि संजू सैमसन 5 या 6 नंबर पर सफल हो पाएंगे या नहीं? कोटक ने साफ कर दिया कि ओपनर्स और नंबर 3 के बारे में साफ सोच है लेकिन बाकी बल्लेबाजी लचीली है और खिलाड़ी उसी हिसाब से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप हमारी बैटिंग लाइन-अप देखें तो हर कोई किसी भी नंबर पर जाकर मैच खत्म कर सकता है। हमारे पास चार-पांच आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रमुख कोच या कप्तान, स्थिति के हिसाब से भेजते हैं।

## हरभजन की बीसीसीआई प्रमुख की दौड़ में शामिल होने की अटकलें



**● हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रूचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही है**

**मुंबई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बाद अब स्पिनर हरभजन सिंह का नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष पद के लिए जोड़ा जा रहा है। तें. दुलकर पहले ही इस दौड़ में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं, लेकिन हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रुचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) द्वारा 45 वर्षीय पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को नामांकित किए जाने से इस ताजा चर्चा में कुछ दम नजर आ रहा है। नामांकन आधिकारिक रूप से दाखिल होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, क्योंकि केवल राज्य संघ द्वारा समर्थित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ने के पात्र हैं। हरभजन ने सभी प्रारूपों में 367 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है। सत्तारूढ़ भाजपा का बीसीसीआई के कामकाज पर काफी प्रभाव है और यह सरकार खेल संस्थाओं में शीर्ष पदों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के लिए जानी जाती है। गांगुली और रोजर बिन्नी, दोनों पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, सत्तारूढ़ पार्टी की खिलाड़ी-प्रथम नीति के कारण ही बीसीसीआई अध्यक्ष बने चुके है। हरभजन ने क्रिकबज के फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। उम्मीदवारों के इन पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सच्चाई सामने आ जाएंगी। बीसीसीआई के चुनाव अधिक. ारी एके जोति के अनुसार, नामांकन विंडो 20 और 21 सितम्बर तक खुली रहेगी और चुनाव 28 सितम्बर को होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होना है। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के हालिया रुझानों को देखते हुए मौजूदा अध्यक्ष देवजीत, प्रभतेज सिंह भाटिया व रोहन के क्रमशः सचिव, कोषाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर बने रहने की उम्मीद है।

# विभूतियों को मिला सहारनपुर गौरव सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यकमों की श्रृंखला में देर रात जन मंच सभागार में आयोजित ष्मेरा सहारनपुर मेरा गौरवष कार्यक्रम में जहां देश दुनियां में सहारनपुर का नाम रोशन करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया वहीं कार्यकम में उमड़े बड़ी संख्या में लोगों ने ष्सहारनपुर गौरवष का सम्मान बढ़ाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बापू ज्वाला जी महाराज मंदिर की गद्दी नशीन मां मिथलेश, योगगुरु पद्मश्री भारत भूषण , भाजपा नेता के एल अरोड़ा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, राजेश जैन, आलोक तनेजा, पूर्व मंत्री सरफराज खान, समाजसेवी नेता महेंद्र तनेजा, ने दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती एवं गणेश वंदना से शुरुआत हुई कार्यकम में से सबसे पहले 12 मिनट की सहारनपुर के इतिहास पर विशेष डॉक्युमेंट्री को दर्शकों ने शांत होकर देखा। कार्यक्रम में जहां तूफानी बाबा ने भगवान शिव के गीत पर जोश पूर्ण नृत्य किया वही एंजेल्स एकादमी के विद्यार्थियों ने मेले के गीत पर भव्य प्रस्तुति दी. बलू बैंड ने देश भक्ति के गीत से समां बंधा शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाह वाही लूटी। कार्यक्रम की खास बात यह थी की गौरव सम्मान से सम्मानित विभूतियों के लिए मंच पर बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी।

सहारनपुर गौरव सम्मान समारोह में सहारनपुर का नाम देश दुनिया में रोशन करने एवं अपने अपने क्षेत्रों में सराहनीय भूमिका निभाने वाली प्रमुख 11 विभूतियों को दिया गया। जिनमें क्रिकेटर अंडर 19 इंडिया टीम के कैप्टन मोहमद अमान , इंडिया अंडर 19 टीम में एशिया एवं वर्ल्ड कप विजेता टीम के फास्ट बॉलर रहे वासु वत्स, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और हॉकी की यूपी ज्वाइंट सेक्ट्री मेनका टांक, एशिया शूटिंग विजेता एवं अंतरराष्ट्रीय शूटर अंकुर गोयल, लकड़ी उद्योग और संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में रविंदर मिगलानी, रामजी सुनेजा, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ संजीव मिगलानी, शिक्षा के श्रेत्र सत्यवती यादव, नृत्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना रंजना नेब सम्मानित किया गया। कार्यकम में न पहुंचने पर गायन में रूपाली जग्गा और अभिनय में कायनात अरोड़ा का सम्मान उनके परिजनों को किया। इसके अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सिंह सिंह ब्रदर्स, यूथ एंपावरमेंट, हैंड्स टू केयर आदि संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ अजय सिंह, विधायक राजीव गुंबर, विधायक देवेंद्र निम, पूर्व सांसद राघव लखनपाल भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व राज्यमंत्री सरफराज खान ने संयुक्त से सभी विभूतियों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कांवड़ शिविर आयोजक सम्मान के तहत नागरिक सुरक्षा कोर के चीफ वार्डन राजेश जैन को उनकी टीम को कांवड़ यात्रा के दौरान शांति सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में सराहनीय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद श्रीमती प्रियंका, सह संयोजक दीपक अरोड़ा, अक्षू छाबड़ा, गगनदीप रल्हन कार्तिक खुराना , सजल अरोड़ा आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम संचालन मोहम्मद युनुस एवं शिवमणि त्यागी ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर क्वांटम यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ अमित दीक्षित, वरिष्ठ नेता योगेश दहिया, डॉ पंकज खन्ना, वरिष्ठ समाजसेवी विश्वजीत पुंडीर, संदीप शर्मा, हैंड टू केयर के संस्थापक डॉ. परम बत्रा, व्यापारी नेता विवेक मनोचा, सुरेंद्र मोहन चावला, कार्तिक खुराना, बब्बू पृथी, उदय करण बत्रा, मोनिका अरोड़ा, काजल खुराना, रेखा चावला, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, नेता सदन दिग्विजय चौहान, मंसूर बदर आदि मौजूद रहे।

# युवा हमारी सबसे बड़ी ताकतः चौ. नीरपाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उत्तराखंड में युवा संगठित होकर राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करेंगे, जिसके अर्न्तगत अक्टूबर में युवाओं का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी चौधरी नीरपाल सिंह गुरूकुल नारसन में आयोजित तीन दिवसीय दौरे के अर्न्तगत बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। गुरुकुल नारसन पहुंचने पर खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी, प्रदेश सचिव आयुष राठी व उनकी टीम ने उनका जोरदार स्वागत किया। चौधरी नीरपाल सिंह ने युवाओं को सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उत्तराखंड में युवा संगठित होकर राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करेंगे। अक्टूबर में युवाओं का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी व जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों में युवाओं को जोड़कर चल रहा है। युवाओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कार्तिक चौधरी, पुलकित कंडियाल, मो फहीम, आदर्श चौधरी, लक्ष्य राठी, सत्यदेव आर्य,चिराग राठी, विष्णु, अक्षित, मानविक, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

# कुत्तों ने हमला कर बच्चों सहित 5 को नोंचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** नगर पंचायत की लापरवाही के चलते कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। आवारा आदमखोर कुत्तों ने हमला कर बच्चों सहित 5 लोगों को घायल कर दिया। परिजनों द्वारा सभी घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया गया।

दरअसल, बेहट कस्बे में इन दिनों आवारा आदमखोर कुत्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है। नगर पंचायत बेहट द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। आवारा कुत्तों से खासतौर पर स्कूली बच्चों पर ज्यादा खतरा मंडरा रहा हैकुत्तों ने अलग अलग स्थानों पर हमला कर पांच लोगों को काट लिया। कुत्तों के हमले में 3 वर्षीय उमर पुत्र सलीम निवासी कस्साबान, 17 वर्षीय अस्मत पुत्र अमीर अहमद निवासी लोहारान, 15 वर्षीय रजी पुत्र रफीक अहमद निवासी मौहल्ला कस्साबान तथा विकासनगर उत्तराखंड से मौहल्ला सड़कपार रिश्तेदारी में आए 43 वर्षीय अब्दुल गफूर और इसी मोहल्ले के जाबिर पुत्र अय्यूब जख्मी हो गए। परिवार वालो द्वारा घायलों को बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कस्बेवासियों ने नगर पंचायत बेहट के अधिकारियों से अवारा और आदमखोर कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है। जब इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में पहली बार टेक टॉक 1.0 का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के एडिशनल प्रो.चांसलर सैयद निजामुद्दीन, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह तथा रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में ग्लोकल यूनिवर्सिटी में पहली बार "टेक टॉक 1.0" कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया तथा स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. मजहर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ।

इस आयोजन का संचालन फातिमा परवीन अकील असिस्टेंट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजी. नियरिंग विभाग ने किया, जिनका उद्देश्य छात्रों को सार्वजनिक भाषण से परिचित कराना और उन्हें नवाचार, रचनात्मकता तथा उभरते तकनीकी रुझानों के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 2 मिनट के तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किए। छात्रों ने प्रौद्योगिकी, कानून, स्वास्थ्य सेवा तथा कंप्यूटिंग विज्ञान जैसे विविध विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों और प्रतिभागियों को "टेक टॉक 1.0" की शानदार सफलता के लिए बधाई दी।



# फतेहपुर पुलिस ने घरों से दबोचे दो वारंटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम में उपनि. रीक्षक विजय सिंह, उपनिरीक्षक सजल यादव और हेड कांस्टेबल ललित कुमार शामिल थे। यह कार्रवाई जनपद सहारनपुर के भूलनी गांव में की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान वाहब पुत्र जुल्फान और रियासत पुत्र महमूद, दोनों निवासी भूलनी, थाना फतेहपुर, सहारनपुर के रूप में हुई है। इनके खिलाफ मुकदमा संख्या 23/17, धारा 147, 323, 325, 504 भादवि के तहत वाद संख्या 1509/25 दर्ज है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, सहारनपुर और ग्राम न्यायालय बेहटमें सुनवाई की नियत तारीख 17 सितंबर है। पुलिस ने दोनों वारंटी अभियुक्तों को समय पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्ती बरतने के उद्देश्य से की गई है। सहारनपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी

### फेशियल अटेंडेंस पर कर्मचारियों के वेतन को लेकर हाईकोर्ट के आदेश की अवेहलना

# विभाग की मनमानी : अभी भी वेतन पर रोक बरकरार

**कर्मचारियों का आरोप जबरन प्रबन्धन थोपना चाहता है विभाग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जहां बिजली वितरण निगम में समस्त कर्मचारियों की फेशियल अटेंडेंस को लेकर कर्मचारियों का विवाद का मुद्दा बना हुआ था, अब वहीं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाकर इस मुद्दे को और गहरा दिया है,जबकी कर्मचारियों का कहना है की विभाग को हाईकोर्ट के वेतन निर्गत करने के आदेश के बावजूद भी कई सौ कर्मचारियों के वेतन पर रोक का यह सिलसिला अभी भी बरकरार बना हुआ है।

आपको बता दें निगम प्रबंधन द्वारा फेशियल अटेंडेंस को लेकर जारी निर्देशों के अनुपालन में यह कद उठाया गया था । जिसमें प्रबंधन निद. ेशक कार्यालय से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया था कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी 'ऊर्जा जनशक्ति' मोबाइल एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति को दर्ज करना अनिवार्य होगा।

यदि तकनीकी कारणों से कर्मचारी की उपस्थिति एप पर दर्ज नहीं हो पाती है, तो संबंधित रिपोर्टिंग अधिकारी को उसकी उपस्थिति का सत्यापन करके उसे एप पर अपलोड करना होगा। यदि रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा झूठा या गलत सत्यापन दिया जाता है तो उस पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जबकि फेशियल अटेंडेंस को लेकर इस संदर्भ में राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ का कहना है कि विभाग द्वारा निर्गत आदेशों के अनुपालन से उन्हें किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं है चूँकि असल विवाद तो यह है की विभाग उन्हें बिना कोई सुविधा, संसाधन उपलब्ध कराये ही यह आदेश उन पर जबरन थोंपना चाहता है ।

राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ ने बताया कि फेशियल अटेंडेंस को लेकर कई सौ कर्मचारियों का वेतन विभाग ने रोक रखा है,जबकि जिन कर्मचारियों का वेतन रोका गया है उनकी वास्तविक प्रक्रियाओं के आधार पर रूपरेखा बनाकर विभागीय अधिकारियों को भी समस्त रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है, ताकि कर्मचारियों का भुगतान शीघ्रता पूर्वक किया जा सके, यही नहीं अपितु संघ ने यह भी बताया, विधुत कर्मचारियों को वेतन जारी करने के संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ रिट याचिका में 6 /08/25 को आदेश पारित किया जा चुका है । लेकिन विभाग द्वारा अभी भी कर्मचारियों को वेतन जारी करने में किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जोकि हाईकोर्ट के निर्गत आदेशों की अवहेलना के साथ-साथ यह विभाग का अपनी मनमानी का भी प्रत्यक्ष प्रतीत होता है।

# चोरों का आतंकः दिनदहाड़े बाइक चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** कस्बे में चोरों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना कलसिया रोड की है, जहां दिनदहाड़े मोफिक पुत्र अब्बास, निवासी सरदाहेड़ी, की बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा ली। यह घटना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों का हिस्सा है, जिसने क्षेत्रवासियों में दहशत पैदा कर दी है।

जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले अलावलपुर रोड पर एक जनरेटर से अल्टरनेटर चोरी होने की घटना सामने आई थी। इसके अलावा, हाल ही में नानका गांव में एक मकान में भी चोरी की वारदात हुई थी। इन लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुलिस चोरों को पकड़ने में पूरी तरह नाकाम रही है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

मोफिक ने बताया कि उनकी बाइक दिन के समय कलसिया रोड कुट्टी मशीन से चोरी हुई। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग पुलिस से कठोर कदम उठाने और गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

फतेहपुर पुलिस ने दावा किया है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि चोरियां नहीं रुकीं, तो वे विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं।

# वन विभाग का छापा, तस्कर फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** शिवालिक वन प्रभाग की शाकंभरी देवी वन रेंज क्षेत्र की कलसिया बीट में गांव नगला के पास स्थित फार्म पर बिना अनुमति आम के हरे-भरे फलदार पेड़ों का कटान किए जाने की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी ने टीम के साथ मौके पर छापा मार कर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया जबकि वन तस्कर मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने लकड़ियों से भरे वाहन को कब्जे में लेकर कार्यवाही मे लग गई है।

वन रेंजर सचिन कुमार को सूचना मिली कि गांव नंगला के पास एक बाग में बिना अनुमति लिए आम के हरे भरे पेड़ो पर कुल्हड़ा चल रहा है। सूचना मिलते ही रेंजर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापा छापा मारा तो मौके पर आम के पेड़ कटे हुए पड़े थे और एक ट्रैक्टर



ट्रॉली में कटी हुई लकडिया भरी हुई थी। मौके से कटान करा रहे लकड़ी वन तस्कर वन विभाग की टीम को देखकर भाग गए। टीम मौके से लकड़ी से लदी दो टैक्टर-ट्राली कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय में ले आए।इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी सचिन कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि अवैध रूप से पेड़ों का कटान करा रहे ठेकेदारों के बारे में पता कराया जा रहा है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और विभाग के कर्मचारियों की यदि संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जायेगी । बिना अनुमति के प्रतिबंधित पेड़ों का कटान किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा।

# चाय की दुकान पर बैठे बस चालक की हार्ट अटैक से मौत

**बिना कार्रवाई शव को अपने साथ ले गए चालक के परिजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** सहारनपुर बस स्टैंड पर एक बस चालक की हार्ट अटैक आने से मौत हो गयी। परिजन बिना किसी कार्यवाही के शव अपने साथ ले गये।

मिली जानकारी के अनुसार सहारनपुर के मोहल्ला हबीबगढ निवासी अय्यूब सहारनपुर चिलकाना रोड पर बस चालक का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार को दोपहर के समय अय्यूब सहारनपुर से बस में सवारियां बैठाकर चिलकाना आ गया जहां उसकी बस का नम्बर कुछ देर बाद आना था। अय्यूब बस को सड़क किनारे खड़ी करके पास में ही चाय की दुकान पर बैठ गया, जहां उसे सीने में तेज दर्द महसूस हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब तक वह किसी को कुछ कह पाता या कोई कुछ समझ पाता अय्यूब का शरीर कंपकंपी के साथ ठंडा पडना शुरू हो गया था।

मौके पर एकत्र हुए बस चालक व परिचालक अय्यूब को निकट ही एक निजी चिकित्सक के पास ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बस यूनियन चिलकाना द्वारा अय्यूब के परिजनों को जानकारी दी गयी, जो अय्यूब के शव को बिना किसी कार्यवाही के अपने साथ ले गये।

# विधायक गुंबर ने कलश यात्रा का किया शुभारंभ




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

साउथ सिटी से शुरू हुई कलश यात्रा को नगर विधायक राजीव गुंबर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कलश यात्रा में लगभग 500 से अधिक मातृशक्ति एवं बहनों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश उठाए और उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीले परिधान और कलशों की झलक देखते ही बनती थी तथा पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।यात्रा मार्ग पर अनेक धार्मिक संस्थाओं तथा समाजसेवी व्यापारी बंधुओं ने जगह-जगह मीठे जल व मिष्ठान का आयोजन कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। साथ ही, कलश यात्रा में अग्रिम पंक्ति में चल रहे पूज्य आशुतोष महाराज के साधु शिष्यों का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

शुभारंभ मौके पर पार्षद ज्योति अग्रवाल व यजमान भी मौजूद रहे।

# सरसावा व चिलकाना क्षेत्र में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्तिः सागर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** 33 केवी लाइन का निर्माण कार्य कराये जाने के चलते विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उपखंड अधिकारी सीसी सागर ने जानकारी देते हुए बताया है कि रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 33 केवी लाइन सरसावा के खंबो पर विद्युत उपकेंद्र चिलकाना का अतिरिक्त 33 केवी लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके कारण सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत उपकेंद्र सरसावा और चिलकाना का 33 केवी शटडाउन होने के कारण सरसावा व चिलकाना क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सरसावा व चिलकाना क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से समय से बिजली संबंधी काम निपटाने की अपील की।

# पंजाब व कश्मीर बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम/ बेहट।** मदरसा दारुल उलूम कघदिरिया, सलेमपुर गदा एवं कंबोहमाजरा बस्ती के जिम्मेदार लोगों ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित इलाकों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत अभियान आरंभ किया है। इस राहत मुहिम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए राशन, स्वच्छ पानी, गर्म कपड़े, कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री एकत्र कर भेजी गई।

गौरतलब है कि बाढ़ ने इन क्षेत्रों में जनजीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। लोगों के घर नष्ट हो गए हैं, दैनिक उपयोग की वस्तुएँ दुर्लभ हो गई हैं और जीवन कठिनाइयों से घिर गया है। ऐसे समय में सहायता का यह हाथ उन लोगों के लिए राहत और आशा की किरण




बनकर पहुँचा है।

इस दौरान हजरत अल्हाज हाफिज मतलूब हसन साहब (खलीफा हाजी शाह फतेह मोहम्मद साहब देहलवी) ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारा धार्मिक और मानवीय दायित्व है कि संकट में फँसे अपने भाइयों की सहायता करें। यही हमारे पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम का तरीका और सन्देश है। राहत सामग्री लेकर जब वाहनों का समूह जम्मू तथा पंजाब पहुँचा, तो वहाँ मुफ्ती सगीर अहमद कासमी (खलीफा हजरत अल्हाज मुफ्ती अब्दुल गनी अजहरी, शमरकजुल मआशरिप ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में क्षति बहुत व्यापक है और इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। राहत दल ने पंजाब व जम्मू कश्मीर के विभिन्न इलाकों में जाकर प्रभावित लोगों तक राशन, पानी की बोतलें, आटा, चावल, दालें, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुएँ पहुँचाईं। सर्दी को ध्यान में रखते हुए कंबल और गर्म कपड़े भी बाँटे गए ताकि लोग ठंड से सुरक्षित रह सकें।

सूफी मुश्ताक (नाजिम, मदरसा दारुल उलूम कादिरिया) और बस्ती के लोगों ने इस राहत काफिले को प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस राहत अभियान में सहयोग देने वाले प्रमुख लोगों में मुख्य रूप से इनाम मलिक ठेकेदार, इमरान मलिक, ठेकेदार इमाम हाफिज जुल्फान एवं कंबोहमा. जरा के सब साथियों एवं मौलाना नदीम मजाहिरी, शमीम अहमद मलिक, हाफिज सलमान,शावेज (प्रधान), अब्दुल हफीज रावत, अब्दुल मन्नान रावत, जान आलम रावत, वासिफ मिर्जा, साबिर मिर्जा, इस्तेखघर गौरी, मंसूर गाड़ा, साबिर मिर्जा, नफीस पधान, साकिब मलिक, इरशाद मलिक, शोएब आलम (प्रधान प्रतिनिधि), उजैफ अहकाम सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे जिन्होंने तन,मन और धन से सहयोग दिया। इस पवित्र कार्य का नेतृत्व मौलाना मुकर्रम मतलूब नदवी साहब ने किया। यह राहत अभियान न केवल पीड़ितों के जीवन में नई आशा लेकर आया, बल्कि यह भी सिद्ध कर गया कि जब इरादे अच्छे हों और हृदयों में मानवता हो, तो सीमाएँ कोई महत्व नहीं रखतीं।

# महिला ने ससुराल जनों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**चिलकाना।** गांव चालाकपुर निवासी एक महिला ने अपने पति, ससुर व सास सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मारपीट, उत्पीड़न व बदनियती का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर दी है, जबकि उक्त महिला की सास ने भी पन्द्रह अगस्त को पुत्रवधू के विरुद्ध आगजनी, मारपीट, बुजुर्ग सास ससुर को खाना न देने व जेवरात आदि लेकर परिजनों के साथ चले जाने जैसे आरोप लगाते हुए पुलिस से कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की थी।

बता दें कि विगत पन्द्रह अगस्त दिन शुक्रवार को गांव चालाकपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला संयोगिता ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी पुत्रवधु आये दिन परिवार को प्रताडित करती रहती है, जो उन्हे कभी भी समय पर खाना नही देती है यदि पीडिता स्वयं खाना बनाती है तो पुत्रवधु उसके साथ मारपीट करती है। पन्द्रह अगस्त को संयोगिता का पुत्र अपनी पत्नी को कपडे धोने को कहकर बाहर चला गया था, जिस पर पुत्रवधु ने तैश में आकर बेटे के सारे कपडे नीचे जमीन पर पटक कर आग लगा दी थी।संयोगिता ने आग बुझाने का प्रयास किया तो पुत्रवधु ने उस पर लात घुसों से हमला बोल दिया ओर जान से मारने की नियत से गला दबा कर ऊपर बैठ गयी थी। पड़ौस की औरतों ने बामुश्किल उसे बचाया था। आज उस घटना के लगभग अट्ठाईस दिन बाद शनिवार को पुत्रवधू ने सास, ससुर व अपने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध उसका उत्पीड़न करने, मारपीट की तहरीर दी।

# भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में AI मिनिस्टर

## अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बना, जिसके पास एक पिक्सल और कोड से बने एआई मंत्री

**तिराना।** अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसके पास एक एआई मंत्री है। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि पिक्सल और कोड से बनी एक वर्चुअल मंत्री है, जो पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुताबिक काम करती है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हाल ही में चौथी बार चुनाव जीतने के कुछ महीनों बाद डिएला को अपने कैबिनेट में शामिल किया है।

डिएला को सरकारी फंडिंग प्रोजेक्ट्स और पब्लिक टेंडरों में भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। विपक्ष ने इसकी आलोचना की है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट है और संविधान के खिलाफ भी है। अल्बानियाई भाषा में डिएला नाम का मतलब 'धूप' या 'सूरज' होता है। डिएला इससे पहले भी अल्बानिया में काम कर चुकी है। वह एक एआई-आधारित वर्चुअल असिस्टेंट थी, जो नागरिकों को सरकारी दस्तावेज पाने में मदद करती थी। यानी कि अल्बानियाई नागरिक पहले से ही डिएला से परिचित हैं। रामा का दावा है कि डिएला ने ई-अल्बानिया प्लेटफार्म पर दस लाख से ज्यादा लोगों की मदद की। लेकिन अब उनका इरादा है कि डिएला को एक



**पीएम बोले: सरकारी ठेकों पर नजर रखेगी, विपक्ष ने कहा: यह पब्लिसिटी स्टंट, संविधान के खिलाफ**

साधारण चैटबाट से कहीं आगे ले जाकर सरकारी कामकाज का अहम हिस्सा बनाया जाए। डिएला पहली बार 19 जनवरी 2025 को लॉन्च हुई थी। उसे अल्बानिया की डिजिटल सेवा प्लेटफार्म ई-अलबानिया में वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में पेश किया गया।

सरकारी डेटा लीक नहीं करेगी डिएला रामा कहते हैं कि बड़ी-बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पुराने तरीकों पर अटकी हैं, जबकि अल्बानिया इस पहल के जरिए एक छलांग लगा सकता है। रामा ने कहा कि उनका मकसद अल्बानिया को ऐसा देश बनाना है जो पूरी तरह करप्शन फ्री हो। एआई मंत्री बनाना एक प्रतीकात्मक कदम है क्योंकि अल्बानिया के संविधान के मुताबिक मंत्री बनने के लिए इंसान का वयस्क और सक्षम होना जरूरी है। लेकिन फिर भी, एक इंसान की बजाय एआई को चुनने के कई फायदे बताएं जा रहे हैं। डिएला कभी सरकारी रहस्य लीक नहीं करेगी, न ही भ्रष्टाचार या खर्च घोटालों में फंसेगी। उसे सिर्फ बिजली चाहिए।

इससे पहले जून में रामा ने कहा था कि एक दिन अल्बानिया में डिजिटल मंत्री या यहां तक कि एआई प्रधानमंत्री भी हो सकते हैं। तब बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि यह इतनी जल्दी हकीकत बन जाएगा। अल्बानिया की राजधानी तिराना में शुक्रवार को एनीयो कासो, जो अल्बानिया के कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख हैं, ने एआई मंत्री डिएला का परिचय दिया। डिएला की नई भूमिका को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रहीं है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'हास्यापद' और 'असंवैधानिक' कहा है। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यह अच्छी पहल है। वित्तीय सेवाओं की कंपनी बाल्कन कैपिटल की संस्थापक अनीडा बजरकतारी बिजा ने कहा कि पीएम एडी रामा अक्सर सुधारों को नाटकीयता के साथ पेश करते हैं, इसलिए लोग इसे दिखावा मान सकते हैं, लेकिन अगर इसे सचमुच पारदर्शिता बढ़ाने और भरोसा कायम करने वाले सिस्टम में बदला गया, तो यह उपयोगी साबित हो सकता है। भ्रष्टाचार-विरोधी एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि एआई से फायदा हो सकता है। किंग्स कालेज लंदन के डा. एंडी होक्सहाज का कहना है कि अगर एआई सही तरह से प्रोग्राम किया जाए, तो यह आसानी से बता सकता है कि कम्पनी ने जो दावें किए थे उसे पूरा किया या नहीं। होक्सहाज का मानना है कि अल्बानिया के पास भ्रष्टाचार से निपटने का बड़ा कारण है, क्योंकि यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में यह सबसे अहम शर्त है।



मुंबई। दादर बीच पर सफाई अभियान में भाग लेते युवा।

## नेपाल हिंसा: पीएम पद छोड़ने वाले ओली पर एफआईआर

**■ आरोप: पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश दिया**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितम्बर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितम्बर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं। वहीं, नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हास्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 97 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ से कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई और 44 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने यह जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार शुक्रवार को रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ ने पूरे प्रांत में 4500 से जयादा गांवों को नुकसान पहुंचाया है।

### इराक में मस्जिद में सुन्नी मौलवी की हत्या

**बगदाद।** इराक की राजदानी बगदाद के दक्षिणी डोरा जिले में स्थित एक मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल सत्तार अल-कुरघुली की शुक्रवार को मस्जिद के अंदर हत्या कर दी गई। इराक में सुन्नी मुस्लिम धार्मिक मामलों की देखरेख करने वाली सुन्नी एंडोमेंट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया गया है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### यूक्रेन के ड्रोनों ने रूस के तेल टर्मिनल पर किया हमला

**कीव।** यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने ड्रोनों के जरिए बाल्टिक सागर पर रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनल प्रिमोर्स्क बंदरगाह पर हमला किया। उक्रिनफॉर्म समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। आगे कहा कि ड्रोनों ने बंदरगाह में एक जहाज और एक पम्पिंग स्टेशन पर हमला किया, जिससे आग लग गई तथा तेल की आपूर्ति अस्थाई रूप से रुक गई।

# चीन पर लगाएं 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ: ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने भेजा नाटो देशों को पत्र**
**यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए एकजुट होकर सामने आएं**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रम्प ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आप तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए, जिन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाए तो यह इस खौफनाक और बेवजह के युद्ध को खत्म करने में बहुत मददगार साबित होगा। ट्रम्प ने आगे लिखा, चीन का रूस पर काफी मजबूत नियंत्रण है और पकड़ बनी हुई है। ये सख्त टैरिफ उस पकड़ को कमजोर करने का काम करेंगे।

# भारत की चुप्पी को जॉन बोल्टन ने सराहा

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने टैरिफ मुद्दे को लेकर कहा: यह ट्रम्प से निपटने का सबसे अच्छा तरीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है।

मुझे लगता है कि ट्रम्प जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी। पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रम्प द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब



**बोल्टन ने कहा: अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी**

प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है। भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रम्प को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रम्प की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाना चाहिए। ट्रम्प के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रम्प की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षों से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ है। यह दर्शाता है कि ट्रम्प कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है। जबकि चीन भारत से कहीं बड़ा खरीदार है और कई अन्य खरीदार हैं।

## इजरायल ने पाक को दिखाया आईना

**न्यूयार्क।** इजरायल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इजरायल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दरअसल पाकिस्तान ने कतर में इजरायली हमले की निंदा की और पूछा कि श्विदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया? इस पर इजरायली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इजरायली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया।

# नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी

## अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में मदद मांगने का सिलसिला जारी है। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 काल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है।

डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने-पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखने लगा है। चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस



■ सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं

के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए। सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है। रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर माल लदे ट्रकों की लंबी कतार लगी है। इनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवा, चावल, मक्का और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। शुक्रवार सुबह अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल टैंकरों को प्राथमिकता पर नेपाल सेना की सुरक्षा में भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रक अब भी फंसे हुए हैं। बार्डर पर हालात ऐसे ही रहे तो नेपाल में खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। सीमा सील होने से परिवहन पूरी तरह प्रभावित है। आम दिनों में रुपईडीहा से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, शिमला, हरिद्वार और गोवा जाने वाली निजी बसें नेपाली यात्रियों से भरी रहती थीं, लेकिन अब ये बसें हाईवे 927 के किनारे खड़ी हैं। जिले से सटे नेपाली गांवों में दो दिन हुई हिंसा के बाद नेपाल सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में मारे गए सेना के 12 जवान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में शनिवार तड़के सुबह आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें 12 जवान मारे गए और चार अन्य घायल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने नाम न बताने के शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे घटी जब आतंकियों ने सुरक्षा बलों की दल पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने आगे बताया कि घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन का एक स्थानीय कमांडर इस क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि अभी किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# ब्रिटेन में दिनदहाड़े भारतवंशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

■ **आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा**
■ **पुलिस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही**

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा।

पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी। पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिए की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और दस्ताने पहने हुए थे। वहीं दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की। इस घटना को लेकर ब्रिटेन के भारतवंशी और सिख समुदाय में गहरी नाराजगी और गुस्सा है। ब्रिटेन में हाल के समय में सिख समुदाय के खिलाफ नस्लीय हमलों की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।

# रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**सुनामी की चेतावनी जारी बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज हुए**

**मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूएसजीएस ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महिनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज किए गए हैं। रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग आफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1200 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे (मैग्निटयूड 2.0 से 4.0 के बीच) थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए।

## हिंदी दिवस पर विशेष...

# हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी का संबंध

**भारत** की भाषाई विरासत विश्व की सबसे समृद्ध परंपराओं में गिनी जाती है। विभिन्न भाषाएं विचारधाराए हमारे समाज में विद्यमान है संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को आधिकारिक दर्जा प्राप्त भारतीय मुद्रा पर 15 भाषाएं प्रदर्शित की जाती हैं इनमें हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। यहां की बोलियों, उपभाषाओं और भाषाओं ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को जन्म दिया है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है। इसी क्रम में हिन्दुस्तानी भाषा का उल्लेख सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हिंदी और उर्दू दोनों की जननी कही जाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर इन दोनों भाषाओं के संबंध को समझना हमारे लिए प्रासंगिक है।

बहरहाल मध्यकालीन भारत में विभिन्न जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों का परस्पर मिलन हुआ। फारसी, अरबी, तुर्की और संस्कृत जैसी भाषाओं का संपर्क स्थानीय बोलियों से हुआ, जिससे एक साझा बोलचाल की भाषा का निर्माण हुआ। यही भाषा आगे चलकर हिन्दुस्तानी कहलाई। यह भाषा सरल, समझने में आसान और जनमानस की भाषा थी। लिपि को अगर भूल जाएं तो आज भी जनमानस की भाषा वही हिन्दुस्तानी




है। हिन्दुस्तानी भाषा के दो रूप विकसित हुएकृहिंदी और उर्दू। हिंदी ने संस्कृत शब्दावली को अधिक ग्रहण किया और देवनागरी लिपि को अपनाया। उर्दू ने फारसी और अरबी शब्दों को आत्मसात किया और नस्तालीक लिपि का उपयोग किया। अमीर खुसरो को जहां हिंदी भाषी लोग हिंदी के पहले कवि कहते हैं वही उर्दू भाषी लोग उन्हें उर्दू का पहला शेयर मानते है।लेकिन दोनों की व्याकरण, वाक्य रचना और मूल स्वरूप एक ही है। यही कारण है कि सामान्य बोलचाल में हिंदी और उर्दू की सीमाएं अक्सर धुंधली पड़ जाती हैं।

### 1 साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान

हिंदी और उर्दू दोनों ने मिलकर भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यही हिंदुस्तानी भाषा राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति बनी रही। एथनोलोग 2020की रिपोर्ट के मुताबिक हिन्दी-उर्दू बोलने वालों की जनसंख्या 85करोड है। अमीर खुसरो, खघन खाना,कबीर, तुलसीदास और सूरदास जैसे कवियों की हिंदी रचनाओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। मीर, गालिब और फैज जैसे उर्दू शायरों ने प्रेम, मानवता और सामाजिक चेतना को स्वर दिया। दोनों भाषाओं के साहित्य ने एक-दूसरे से शब्द, शैली और भाव ग्रहण किए, जिससे एक अनूठा सांझा साहित्यिक संसार बना।




**शहजाद अली**

### 2 राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी-उर्दू का संबंध केवल भाषाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक भी है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, हिंदी और उर्दू, भले ही अलग-अलग रूपों में विकसित हुई हों, परंतु उनकी आत्मा एक ही है हिन्दुस्तानी। हिंदी दिवस के अवसर पर हमें याद रखना चाहिए कि भाषा कोई दीवार नहीं, बल्कि पुल है जो दिलों को जोड़ती है। हिंदी और उर्दू का संबंध भाईचारे, साझी संस्कृति और भारतीयता की पहचान है। दोनों को मिलकर ही हम अपनी भाषाई धरोहर को पूर्ण रूप में समझ सकते हैं।

# शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए

**शाहरुख की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1500 परिवारों तक पहुंचाई मदद**



**गुरु रंधावा किसानों को देंगे नई फसल की शुरुआत का सहारा**



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है।

मीर फाउंडेशन स्थनीय एनजीओ के साथ मिलकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयां, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं। यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तुरंत स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवार सम्मान के साथ अपनी जिंदगी को दोबारा पटरी पर ला सकें।

उधर, जानेमाने गायक गुरु रंधावा पंजाब में किसानों के बीच गेहूं के बीज का वितरण करेंगे। गुरु रंधावा ने हमेशा संकट के समय अपने लोगों का साथ दिया है। हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ के दौरान, वह सबसे पहले मदद करने वालों में शामिल रहे। इससे पहले उन्होंने उस मां का घर दोबारा बनवाने का वादा किया था, जिसने इस आपदा में अपनी छत खो दी थी।अब एक और सराहनीय कदम उठाते हुए, गुरु रंधावा ने घोषणा की है कि जैसे ही बाढ़ का पानी कम होगा और हालात सामान्य होंगे, वे सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को गेहूं के बीज वितरित करेंगे। इस पहल का मकसद किसानों को खेती फिर से शुरू करने और सम्मान के साथ जीवन को दोबा. रा बसाने में मदद करना है। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गुरु ने कहा, जैसे ही बाढ़ खत्म होगी और पानी नीचे जाएगा, मैं प्रभावित गांवों में गेहूं के बीज बांटूंगा ताकि अगली फसल बोई जा सके और लोग एक नई शुरुआत कर सकें। गुरु रंधावा का यह कदम उनके जड़ों से गहरे जुड़ाव और पंजाब के लोगों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। बाढ़ की कुछ झलकियां भी साझा की व सभी से बेहतर दिनों की दुआ करने का आग्रह किया।



# दोस्तों के चक्कर में चलती ट्रेन से कूद गईं करिश्मा शर्मा



**हादसे में सिर और पीठ पर चोट लगी, अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**मुंबई।** एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा मुंबई लोकल ट्रेन से सफर करते समय हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी जानकारी दी। करिश्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा, कल जब मैं चर्चगेट शूट के लिए जा रही थी तो मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन से जाने का फैसला किया। जैसे ही ट्रेन में चढ़ी, वह तेज होने लगी। मैंने देखा कि मेरे दोस्त ट्रेन पकड़ नहीं पाए। डर की वजह से मैंने छलांग लगा दी और पीछे गिर गई। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, मेरी पीठ में चोट लगी है, सिर पर सूजन है और पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। डाक्टरों ने MRI किया और मुझे एक दिन के लिए आब्जर्वेशन में रखा है। ताकि सिर की चोट सीरियस न हो। कल से दर्द हो रहा है, लेकिन मैं हिम्मत बनाए हुए हूं।

जल्दी ठीक होने के लिए दुआ करें और अपना प्यार भेजें, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। करिश्मा की एक दोस्त ने भी अस्पताल से उनकी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, यकीन नहीं हो रहा, मेरी दोस्त ट्रेन से गिर गई और उसे कुछ याद नहीं है। हमने उसे फर्श पर पाया और तुरंत अस्पताल लाए।

डाक्टर जांच कर रहे हैं। सब दुआ करें कि वह जल्दी ठीक हो जाए। उनकी दोस्त ने घटना से पहले का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें करिश्मा स्टेशन पर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। बता दें कि करिश्मा शर्मा प्यार का पंचनामा 2 और रागिनी एमएमएस रिटर्न्स जैसे प्रोजेक्ट्स से जानी जाती हैं। करिश्मा शर्मा होटल मिलन, फस्टी फसाते और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में भी नजर आईं।

करिश्मा ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने लाइफ सही है से वेब डेब्यू किया। इसके अलावा हम-आई एम बिकाज आफ अस, फिक्सर और सुमेर सिंह केस फाइल्स गर्लफ्रेंड्स जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं। घटना के बाद लोग करिश्मा की सलामती और हादसे की जानकारी जानने के लिए गूगल पर उन्हें सर्च कर रहे हैं।

## मेरे रहो 12 दिसम्बर को होगी रिलीज

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म मेरे रहो में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान और साई पल्लवी हैं।

# जो अजब है वो गजब है के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट

**मुंबई।** नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग, उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है जिन्हें समाज की सोच रोकती है।

यह लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडिया गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन जो अजब है, वो गजब है इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। यह कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं। इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

# कंतारा: चैप्टर 1 के लिए होम्बले फिल्म्स ने देशभर से जोड़े कारीगर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने कंतारा: चैप्टर 1 की भव्य दुनिया बनाने के लिए भारत के कारीगरों और संस्कृति का शानदार संगम किया है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1' एक बेहद अनोखी फिल्म है, जो ऐसे अंदाज से भारतीय संस्कृति को दिखाती है, जिसकी वो असल में हकदार है। मेकर्स ने इस सोच को पूरा करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1 जनता द्वारा सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। साल 2022 में आई कंतारा बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनकर सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी, जिसे बाद इस प्रीक्वल से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यह फिल्म कंतारा की दुनिया को बड़े पैमाने पर पेश करने के लिए तैयार है, जिसके लिए कारीगरों और क्रू के मेंबर्स ने अलग-अलग राज्यों से आकर फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिदा करने में अपना घस योगदान दिया है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और बाकी जगहों से कारीगर और क्रू के मेंबर्स आए। हर कारीगर और क्रू मेंबर ने फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने के लिए अपनी खासियत का कमाल दिखाया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma In Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# 52 वर्ष की हुईं महिमा चौधरी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री महिमा चौधरी आज 52 वर्ष की हो गईं। महिमा चौधरी का जन्म पश्चिम बंगाल के दार्जिलिग में 13 सितम्बर 1973 को हुआ था। उन्होंने दसवी कक्षा तक कुर्सेओंग में डॉवहिल में पढ़ाई की और बाद में दार्जिलिग के लोरेटो कॉन्वेंट में चली गई । उन्होंने स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस दार्जिलिंग का खिताब जीता। महिमा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित सुभाष घई की ब्लॉककबस्टर फिल्म परदेस से की। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। अपनी पहली रिलीज परदेस से पहले, उन्होंने अपने निर्देशक सुभाष घई की सिफारिश पर अपना नाम बदलकर महिमा चौधरी रख लिया, जो मानते थे कि एम अक्षर उनकी फिल्मों में अग्रणी अभिनेत्रियों के लिए भाग्यशाली होता है। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए महिमा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2006 में शादी करने के बाद महिमा चौधरी ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया था। जब महिमा काम कर रही थी, उसी दौरान उनका एक भयानक एक्सीडेटं भी हुआ था। फिल्म दिल क्या करे की शूटिंग के दौरान महिमा चौधरी का कार एक्सीडेंट हुआ था- उस दौरान उनके चेहरे में कांच के टुकड़े धंस गए थे-उस दौरान महिमा के चेहरे से कांच के 67 टुकड़े निकाले गए थे। वर्ष 2006 में महिमा ने बिजनेसमैन बॉबी मुखर्जी से शादी की थी, लेकिन वर्ष 2013 में दोनों का तलाक हो गया। महिमा की एक बेटी है जिसका नाम आर्यना है। महिमा की जिंदगी में सिर्फ एक्सीडेंट ही नहीं, बल्कि एक और बड़ा चैलेंज ब्रेस्ट कैंसर के रूप में आया, लेकिन महिमा ने हिम्मत नहीं हारी और इस बीमारी से भी लड़ाई जीती। महिमा ने अपनी बेटी आर्यना का जिक्र करते हुए बताया था कि जब वो कैंसर से परेशान थी, तब उनकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिससे उनकी मम्मी को कोविड 19 का खतरा न हो। महिमा चौधरी अब पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं। महिमा चौधरी ने अपने सिने करियर में लगभग 35 फिल्मों में अभिनय किया है। महिला चौधरी की इस वर्ष फिल्म इमरजेंसी प्रदर्शित हुई है। दाग द फायर, कुरुक्षेत्र, दिल क्या करे, लज्जा, दीवाने, खिलाड़ी 420, ओम जय जगदीश, दिल है तुम्हारा, सौतन, सहर, सैंडविच, बागबान आदि हैं।